26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 18 फरवरी, 2026

अंक- 116 | मूल्य दो रुपये | पृष्ठ 16

## शाहपुर कंडी बांध से पाकिस्तान को झटका

# रावी नदी का पानी अब सींचेगा भारत के सूखे खेत

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सिंधु जल संधि के निलंबन की चर्चाओं के बीच, भारत ने पाकिस्तान को एक और बड़ा रणनीतिक झटका देने की तैयारी पूरी कर ली है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर स्थित शाहपुर कंडी बांध का निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर है, जिसके बाद रावी नदी का अतिरिक्त पानी पाकिस्तान जाने के बजाय पूरी तरह भारत में ही रुक जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जम्मू और कश्मीर के मंत्री जावेद अहमद राणा ने इस डेवलपमेंट की पुष्टि की है। राणा ने कहा कि डैम का कंस्ट्रक्शन पूरा होने के बाद, पाकिस्तान जाने वाला पानी कठुआ और सांबा जिलों की ओर मोड़ दिया जाएगा, जो सूखे से प्रभावित इलाके हैं। लगभग पांच दशक पहले 1979 में, शाहपुर कंडी डैम प्रोजेक्ट की कल्पना रावी नदी के पाकिस्तान में बहाव को रेगुलेट करने और पंजाब और J-K में सिंचाई के मकसद से इसका इस्तेमाल करने के लिए की गई थी। इसका शिलान्यास 1982 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था, लेकिन पंजाब और जम्मू-कश्मीर सरकारों के बीच एडमिनिस्ट्रेटिव दिक्कतों की वजह से इसे बनाने में देरी हुई। 2008 में इसे एक नेशनल प्रोजेक्ट के तौर पर मान्यता मिली और अब यह डैम 2,715.70 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ आगे बढ़ रहा है। पठानकोट जिले में रावी नदी पर, रंजीत सागर डैम से 11 km नीचे और माधोपुर हेडवर्क्स से 8 km ऊपर की तरफ, यह प्रोजेक्ट सिंचाई और बिजली बनाने के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। यह माधोपुर हेडवर्क्स से निकलने वाले कैनाल सिस्टम को एक जैसी पानी की सप्लाई पक्का करने के लिए एक बैलेंसिंग तालाब का काम करेगा, जिससे पंजाब में 5,000 हेक्टेयर ज़मीन के लिए सिंचाई की गुंजाइश बनेगी और पंजाब और जम्मू-कश्मीर दोनों में खेती के लिए रेगुलर पानी की सप्लाई पक्की होगी। सिंचाई के अलावा, यह डैम हर साल 1,042 मिलियन यूनिट बिजली बनाएगा, पाकिस्तान जाने वाले पानी को कम करेगा और टूरिज्म के नए मौके पैदा करेगा। यह प्रोजेक्ट इस बॉर्डर इलाके की सोशियो-इकोनॉमिक हालत को काफी बेहतर बनाने के लिए तैयार है, जिससे लोकल कम्युनिटी को फायदा होगा और रिसोर्स मैनेजमेंट और रीजनल डेवलपमेंट को मजबूती मिलेगी।



## होटल में स्टाफ की आवश्यकता

1. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी

वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)

योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय

वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)

योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

## यूपी में अकेले चुनाव लड़ेगी बीएसपी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने गठबंधन को लेकर चल रही तमाम चर्चाओं को पूरी तरह भ्रामक और निराधार करार दिया है। मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे गठबंधन से जुड़ी उल्टी खबरों पर ध्यान न दें और हाथी की मस्त चाल चलते हुए चुनावी तैयारियों में जुट जाएं। मायावती का टार्गेट 2007 की तरह ही प्रदेश में बीएसपी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली में खुद को आवंटित हुए टाइप-8 बंगले को लेकर भी सफाई दी और कहा कि यह सुरक्षा की दृष्टि से आवंटित किया गया है।

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥


सांवरिया सेठ


सालासर बालाजी


लक्ष्मी-नारायण

समस्त श्रद्धालुओं को हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि अग्रसेन भवन ( अग्रवाल धर्मशाला ) निकट रम्मू का चौराहा ( पुरानी तहसील ), बिजनौर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में **सांवरिया सेठ, सालासर बालाजी एवं लक्ष्मी नारायण भगवान** की

## प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

-: कार्यक्रम :-

दिनांक, दिन- 19 फरवरी, बृहस्पतिवार

समय- सायं 6 बजे श्रृंगार, आरती व प्रसाद वितरण

परम आग्रह- समस्त धर्मप्रेमियों से आग्रह है कि उक्त कार्यक्रमों में भाग लेकर धर्म लाभ उठायें।

निवेदक- समस्त हिन्दू समाज, बिजनौर

मो. 9837088565, 9927731350, 9837033834

## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# बार एसोसिएशन के कसीम अहमद अध्यक्ष व नदीम अहमद महासचिव चुने गये

नजीबाबाद (चिंगारी)। बार एसोसिएशन नजीबाबाद के चुनाव में कसीम अहमद अध्यक्ष व नदीम अहमद महासचिव चुने गये। निर्वाचन अधिकारी शमीम अहमद एड., इकबाल सिद्दीकी एड., अवधेश कुमार एड., जितेंद्र कुमार एड., नजाकत एड., राघव कुमार एड., अशोक कुमार एड., राशिद एड. आदि ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में कुल 333 मतदाता थे। जिसमे से 326 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर कसीम अहमद एड. 192 मत पाकर अध्यक्ष चुने गये। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी धीरेन्द्र सिंह को 134 वोट मिले। महासचिव पद पर नदीम अहमद ने 172 मत पाकर जीत हासिल की। उनके विपक्षी उदय यादव को 134 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर पंकज विश्नोई व सहसचिव पद पर अजय सौदाई ने जीत हासिल की। इस मौके पर निसार अहमद, आसिफ हुसैन, शकील अहमद इब्राहीम अहमद, आजम कुरैशी, इकराम कुरैशी, जावेद इकबाल, खुर्शीद आलम, राजेंद्र सिंह, अशरफ सिद्दीकी, वसीम अहमद, इसरार अहमद, फरमान अंसारी, रियासत हुसैन, रिजवान अहमद, फहीम अहमद, सुल्तान अंसारी, धर्मेंद्र यादव, इंतजार कुरैशी, कामेंद्र चौधरी, सौरभ जैन, शराफत नवाब, अजय गोयल, संजय त्यागी, अब्दुल मन्नान आदि मौजूद रहे।




नवनिर्विचित अध्यक्ष व महासचिव का स्वागत करते अधिवक्ता।

## रमजान में नमाज़ों व रोज़ों की पाबंदी रखेः ज़फ़र हुसैन



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद जमात ए इस्लामी हिंद के अमीर ए मुकामी (नगर अध्यक्ष) जफर हुसैन ने मुकद्दस रमजान माह की आमद पर खुशी का इजहार करते हुए सभी को इसकी मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि रमजान में मुस्लिम समाज के लोग इसका पूरा एहेतराम करते हुए नमाज रोजों की पाबंदी रखे। रमजान माह में प्रत्येक मुसलमान रोजे रखने के साथ अपने बच्चों व घर वालों सबको रोजा रखने की ताकीद करें। पांचों टाइम की नमाज पढ़ने की ताकीद करें। रमजान माह में हर उसे चीज से बचे जो बुराई की तरफ को ले जाती है। रमाज के पाक मुकद्दस महीने में किसी को भी किसी की तरह किसी से कोई परेशानी न पहुंचनी चाहिए। यही रमजान का असल पैगाम है।

## कल से रमजान शुरू होने के चलते बाजारों में रौनक

नजीबाबाद (चिंगारी)। कल से मुकद्दस रमजान माह का महीना शुरू होने के चलते आज बाजारों में सुबह से ही काफी भीड़ व रौनक रही। रमजान माह का महीना गुरूवार से शुरू हो रहा है, आज रात ईशा की नमाज से पहली तराबीह शुरू होगी कल पहला रोजा है। इसके लिए लोगों ने रमजान के सामान खासकर सेहरी के सामान की आज बाजारों में पहुंचकर जमकर खरीदारी की। साथ ही लोगों ने रोजों के दौरान इफ्तार में इस्तेमाल होने वाले सामान खासकर चिप्स, पापड़ व अन्य जरूरी सामान की खरीदारी की। इस वजह से बाजारों में काफी भीड़ देखने को मिली। मस्जिदों में रमजान माह में होने वाली तराबीह के लिए साफ-सफाई के साथ नमाजियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।




## विद्यार्थियों ने पतंजलि फूड एंड हर्बल प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। डीएमआर फार्मेसी कॉलेज, भागूवाला के डी फार्मा प्रथम व द्वितीय वर्ष के 40 छात्र-छात्राओं ने हरिद्वार स्थित पतंजलि फूड एंड हर्बल प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने वहां पर विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक उत्पादों के उत्पादन की प्रक्रिया को देखा व संबधित जानकारी की। पतंजलि के एचआर संदीप कुमार व टूर गाइड कुलदीप के नेतृत्व मे पतंजलि के विभिन्न प्लांट जैसे कि मसाला प्लांट, सेंटर लैब, परीक्षण लैब, अचार प्लांट व पंचकर्म तेल उत्पादन की जानकारी प्राप्त की। साथ ही फलों से बनने वाले अचार एवं कैंडी उत्पादन की प्रक्रिया को भी जाना। छात्र-छात्राओं के दल के साथ कॉलेज के प्राचार्य काजोल, पुखराज सिंह, अमरीश कुमार, राहुल अंसारी, मुजाहिद हुसैन, अंकुश कुमार व शेखर कुमार मालवा मौजूद रहे।**

# उर्दू अदब की ख़िदमत के लिए शायर सरफराज साबरी को सम्मानित किया

### शेरी मेहफिल में शायरों ने उम्दा कलाम पेश किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद चौक स्थित सैयद हाउस में एक शेरी महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने अपना बेहतरीन कलाम पेश कर खूब वाहवाही बटोरीं। इस मौके पर जलालाबाद के मशहूर शायर सरफराज साबरी को उर्दू अदब की खिदमत के लिए सम्मानित किया गया। शेरी महफिल के अध्यक्ष मोसूफ वासिफ ने कहा कि उर्दू की तरक्की व बढ़ावा देने के लिए उर्दू गोष्ठियों का आयोजन समय की अहम जरूरत है। शेरी महफिल के मुख्य अतिथि डॉ. आफताब नोमानी ने मशहूर शायर सरफराज साबरी की उर्दू साहित्य में की गई सेवाओं पर रोशनी डालते हुए कहा कि सरफराज साबरी लंबे समय से उर्दू साहित्य की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उर्दू को जिंदा रखने के लिए हमें अपने घरों का माहौल उर्दू वाला बनाना चाहिए। अपनी बातचीत में उर्दू को शामिल करें। उन्होंने कहा कि बातचीत से भी उर्दू को बढ़ावा मिलेगा। बहार आलम बहार के संचालन में आयोजित शेरी महफिल का आगाज हमजा अयाज बिजनौरी की नात ए पाक से हुआ। शेरी महफिल में कारी शाकिर रिजवी, अकरम जलालाबादी, कमर अख्तर, सरफराज साबरी, सैयद अहमद, डॉ. आफताब नोमानी, बहार आलम, मोसूफ वासिफ, उबैद नजीबाबादी, आसिफ मिर्जा, आरिफ आरजू, नसीम अहमद, हमजा अयाज बिजनौरी, शहबाज अख्तर, सरफराज साबरी आदि ने अपना उम्दा कलाम पेश किया। इस मौके पर हुसैन अहमद, अब्दुल अजीज मुल्तानी, अबरार सलमानी, नदीम सलमानी, अमजद सिद्दीकी, असलम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।



शायर सरफराज साबरी को सम्मानित करते हुए।

# शैलेंद्र चौधरी ने किया कोहिनूर रेस्टोरेंट का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम कोटकादर में कोहिनूर रेस्टोरेंट का अपना दल एस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस रेस्टोरेंट में भारतीय चीनी व मिठाइयों के विविध स्वाद मिलेंगे। इस मौके पर उन्होंने रेस्टोरेंट के स्वामी को शुभकामनाएं देते हुए तरक्की की कामना की। शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि चौधरी कुलबीर सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख की जन्मभूमि प्रगति की प्रतीक है, यह कोटकादर गांव की आर्थिक व सामाजिक उन्नति का मजबूत आधार बनेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हर्षवर्धन चौधरी, ग्राम प्रधान अशरफ, सागर चौधरी आदि मौजूद रहे।



रेस्टोरेंट का फीता काटकर शुभारंभ करते शैलेंद्र चौधरी व अन्य।


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत । जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
पहला रोजा : जुमेरात
19 फरवरी 2026
ख़त्म सहरी सुन्नी- 5:23, शिया 5:20


# 17 साल के निर्वासन के बाद बांग्लादेश लौटे, दो माह में प्रधानमंत्री बन गये

## तारिक रहमान के मंत्रिमंडल में एक हिन्दू भी शामिल



**ढाका ( एजेंसी/चिंगारी )।** 17 साल के निर्वासन के बाद तारिक रहमान गत 25 दिसम्बर को बांग्लादेश लौटे और दो महीने से भी कम समय में चुनाव जीतकर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बन गये। खालिदा जिया के निधन के बाद उन्हें बांग्लोदश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) प्रमुख चुना गया और चुनाव के लिये उन्हें दो महीने से भी कम का समय मिला। पार्टी ने उन्हें पीएम पद का उम्मीदवार बनाया। खालिदा की मौत से मिला इमोशनल सपोर्ट, शेख हसीना की पार्टी पर प्रतिबंध और कट्टरपंथी जमात से बांग्लादेश के लोगों की दूरी ने चुनाव में उनकी पार्टी को फायदा पहुंचाया और एकतरफा जीत हासिल कर वह सत्ता पर काबिज होने में सफल रहे। मंगलवार को उन्हें प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। उनके साथ 49 अन्य सांसदों को मंत्री बनाया गया है, जिनमें एक हिन्दू और एक बौद्ध भी शामिल है।

राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने श्री रहमान और अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्री रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाग लिया। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी रहे। बांग्लादेश में 36 सालों के बाद कोई पुरुष देश का प्रधानमंत्री बना है। मंत्रिमंडल में 25 कैबिनेट मंत्री तथा 24 राज्य मंत्री शामिल किए गए हैं। कैबिनेट मंत्रियों में मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, अमीर खुसरू महमूद चौधरी, सलाहुद्दीन अहमद, इकबाल हसन महमूद, मेजर (सेवानिवृत्त) हाफिज उद्दीन अहमद, अबू जफर मोहम्मद जाहिद हुसैन, डॉ. खलीलुर रहमान, अफरोजा खानम रीता और निताई रॉय चौधरी शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ विद्रोह के कारण सरकार के गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के सलाहकार के तौर पर देश की बागडोर संभाल रहे थे।

श्री रहमान गत दिसम्बर में 17 साल के निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे थे। उनकी मां खालिदा जिया कई वर्षों तक देश की प्रधानमंत्री रहीं थीं। उनका 30 दिसम्बर 2025 को निधन हो गया था। श्री यूनुस की देखरेख में करीब आठ महीने चले शासन के बाद 12 फरवरी को आम चुनाव हुए, जिसमें बीएनपी ने 299 में से 209 सीटें जीतकर कर इतिहास रच दिया।

## बीवी और उसकी फूफी पर अमन अली की गर्दन पर चाकू चलाया, भाई ने मामला दर्ज कराया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** किरतपुर के मुहल्ला राधगान की निवासी युवती अलशिफा पुत्री फकरे आलम ने बताया कि वह सोमवार को रसूलपुर सैद में अपनी फूफी मुशायदा पत्नी राशिद के घर पर आई थी। उसकी शादी 6 अक्टूबर, 2025 को मुहल्ला राधगान, किरतपुर के ही निवासी अमन अली पुत्र नूर अली से हुई थी। अमन अली ने विगत 3 फरवरी को उसे तलाक दे दिया था। कल अपराहन लगभग तीन बजे अमन अली भी रसूलपुर सैद में उसी घर में आ गया। युवती का कहना है कि अमन उसे बार-बार हाथ पकड़कर कमरे में ले जाना चाह रहा था। घर पर मौजूद औरतों ने उसे छुड़ाया। जब अमन जोर-जबरदस्ती पर उतारू हो गया, तो उसने भागकर खुद को एक कमरे में बंद कर लिया।

युवती का कहना है कि अमन अपने साथ चाकू लेकर आया था। उसी चाकू से


घटनास्थल पर मौजूद थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी

उसने अपनी गर्दन रेतने का प्रयास किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। औरतों ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल अमन अली को पीआरवी से ले जाकर मंडावली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। घटना में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। सूत्रों के अनुसार युवक की गर्दन में 15 टांके आये हैं।

उधर ज़ख्मी युवक के बड़े भाई रहीम अली ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि अमन अली तथा उसकी पत्नी अलशिफा के बीच 15 दिन पूर्व घरेलू बातों को लेकर कहासुनी हो गई थी। कल वह अपनी पत्नी को मनाने रसूलपुर सैद गया था। अलशिफा ने अमन के साथ जाने से मना कर दिया था। इसी दौरान अलशिफा की फूफी मुशायदा ने अमन के साथ मारपीट करते हुए छुरी से उसके गले पर वार कर दिया और लहूलुहान अमन को घर से बाहर रास्ते में फेंक दिया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि रहीम अली की तहरीर के आधार पर अलशिफा निवासी किरतपुर तथा उसकी फूफी मुशायदा पत्नी राशिद निवासी रसूलपुर सैद के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

मुकद्दस रमज़ान



पहला रोजा : जुमेरात
19 फरवरी 2026
ख़त्म सहरी सुन्नी- 5:23, शिया 5:20



डा. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा (बिजनौर)

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर



MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट



फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एगजीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## कार्बन उत्सर्जन और विकसित देश

ग्लोबल वार्मिंग के मुख्य कारक कार्बन उत्सर्जन के मामले में विकसित देश किसी भी कीमत पर बराबरी का सिद्धांत अपनाने के लिए राजी नहीं हैं। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संधि की रूपरेखा तैयार करते समय समानुपातिक सिद्धांत को मंजूरी दी गई थी लेकिन यह विडम्बना है कि इस सिद्धांत को न अपनाने के लिए विकसित देशों द्वारा तरह-तरह के बहाने ढूंढ लिए जाते हैं। इसके अनुसार अधिक ग्रीनहाउस गैसें पैदा करने वाले विकसित देशों को उत्सर्जन में कटौती की जिम्मेदारी भी ज्यादा उठानी चाहिए। भारत का मानना है कि ऐसे विकासशील देश जो लगातार विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं, निश्चित रूप से पहले से अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहे हैं। फिर भी इन देशों को विकसित देशों के समकक्ष नहीं रखा जा सकता। अत: विकासशील देशों को कार्बन उत्सर्जन में थोड़ी छूट अवश्य दी जानी चाहिए। समस्या यह है कि विकसित देश उत्सर्जन कटौती की जिम्मेदारी से बच कर यह जिम्मेदारी विकासशील देशों पर थोपना चाहते हैं। इस संदर्भ में कुछ देश विभिन्न मंचों से भारत को बदनाम करने का कोई मौका नहीं चूकाना चाहते लेकिन पिछले दिनों प्रकाशित एक नए अध्ययन में पेश आंकड़ों में कहा गया है कि भारत पिछले साल कार्बन उत्सर्जन पर काबू पाने में चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले कहीं ज्यादा सफल रहा है। चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ को साल के सबसे बड़े प्रदूषण फैलाने वाले स्त्रोतों में बताया गया है। ब्रिटेन के ईस्ट एंजलिया विश्वविद्यालय के ग्लोबल कार्बन परियोजना नाम से जारी अध्ययन में पता चला है कि इस साल के दौरान चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के वैश्विक उत्सर्जन में क्रम से 28, 16 और 11 फीसद की हिस्सेदारी है जबकि इस बारे में भारत का आंकड़ा महज सात फीसद है। अध्ययन के नतीजे नेचर क्लाइमेट चेंज एंड अर्थ सिस्टम साइंस डाटा जर्नल में प्रकाशित किए गए हैं। इसमें बताया गया है कि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन के मामले में भारत की हिस्सेदारी 1.8 टन है जो अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं से काफी कम है। इनकी प्रति व्यक्ति हिस्सेदारी क्रम से 17.2 टन, 7.3 और 6.6 टन है।

# राजनीति का गिरता स्तर और टूटती संसदीय मर्यादा!



**ओ.पी. पाल**
(स्वतंत्र पत्रकार)

संसद के बजट सत्र के दौरान हुई कुछ घटनाओं के कारण जिस प्रकार से संसदीय गरिमा और मर्यादाओं को तार-तार होते देखा गया है, उसकी पृष्ठभूमि में देश की राजनीति के गिरते स्तर की तस्वीर साफतौर से नज़र आई है। हालांकि ये पहला मौका नहीं है, जब सत्ता पक्ष और विपक्ष का टकराव सामने आया हो। पिछले कई दशकों से संसद सत्रों के दौरान कामकाज कम और विभिन्न मुद्दों पर टकराव ज्यादा रहा है। संसद सत्रों के दौरान लोकतांत्रिक जवाबदेही के बजाय टकराव की वजह से विधायी कार्यों, बजट चर्चाओं और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा तक नहीं हो पायी। खासतौर पर लोकसभा में मौजूदा बजट सत्र में राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर परंपरा के अनुसार प्रधानमंत्री का संबोधन नहीं हो सका। इसका कारण लोकसभा स्पीकर ने अगले दिन पीएम की सुरक्षा का हवाला देकर स्पष्ट कर दिया था। यानी सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष का टकराव पीएम के साथ सदन में कोई अप्रिय घटना होने की आशंका थी। ऐसे हालातों में उस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि संसद में पेश केंद्रीय बजट को चर्चा के बाद बिना किसी जवाब के सर्वसम्मिति से पारित करा दिया जाए।



भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में विधायी प्रक्रिया की प्रभावशीलता और लोकतांत्रिक जवाबदेही के लिहाज से संसद की बैठकों की संख्या में लगातार हो रही कटौती भी राजनीति के गिरते स्तर का कारण मानी जा सकती है। संसद की संस्थागत शक्तियों और लोकतंत्र को कमजोर करने की वजह भी बिगड़ती राजनीतिक तस्वीर है, जो महज चुनाव जीतने के स्वार्थ तक समित होने लगी है। इसी कारण से संसद या विधान मंडलों में विधायी कामकाज, बहस और जवाबदेही स्वत: ही कमजोर हो रही है, जो लोकतांत्रिक दृष्टि से एक बेहद बड़ी चिंता का विषय है। संसद सत्र के दौरान हाल ही में लोकसभा में प्रधानमंत्री के राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन से पहले विपक्ष की कुछ महिला सांसद हाथों में पारे लिखीं तख्तियां लेकर प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंच गई थीं और प्रधानमंत्री के आने वाले रास्ते के साथ उनके आसन को महिला सांसदों ने पहले ही घेर लिया था, इसी कारण लोकसभा स्पीकर के आग्रह पर पीएम सदन में नहीं आये। इस कारण संसद में पिछले 22 सालों में ऐसी दूसरी घटना हुई, जब संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में अपना संबोधन नहीं कर पाए। इससे पहले 10 जून 2004 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह विपक्षी दल राजग के विरोध के सामने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात सदन में नहीं रख सके थे। हालांकि अगले दिन राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात रखी। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि पीएम को कैसा खतरा था?

### लोकसभा अध्यक्ष से खफा विपक्ष

सदन के भीतर और बाहर वैसे तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप चलता रहा है, लेकिन लोकसभा में एक दूसरी बड़ी घटना हुई, जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 2020 के चीन गतिरोध पर पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमए नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा का हवाला देना चाहते थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नियमों का हवाला देकर उन्हें इस पुस्तक पर बोलने की इजाजत नहीं दी, तो कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन में प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरु कर दी थी। कांग्रेस का आरोप था कि स्पीकर ने राहुल गांधी को अपना भाषण ही पूरा नहीं करने दिया। इसके बाद मंगलवार को संसद में सरकार और विपक्ष के बीच टकराव तेज हो गया। सदन में कांग्रेस समेत आठ सांसदों को अनुशासनहीन व्यवहार के चलते बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने से भी विपक्ष खफा था। तो ऐसी स्थिति में यह टकराव इतने चरम पर पहुंचा कि विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे विपक्ष की बातों को बार-बार नज़रअंदाज़ करते जा रहे हैं। ऐसे आरोप लगाते हुए विपक्ष ने 118 सांसदों के हस्ताक्षरों के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे दिया।

### शर्तों तक पहुंची सियासत

लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए दिये गये नोटिस के बाद संसद में यह सियासी टकराव ओर ज्यादा तेज हो गया है, जब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर आरोप लगाया है कि प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल के साथ कांग्रेस के कुछ सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में जाकर उनके साथ गाली-गलौज की। रिजिजू ने यह भी दावा किया कि उस समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल, सांसदों के इस व्यवहार का विरोध करने के बजाय अपने सांसदों को और उकसा रहे थे। ऐसे सियासी टकराव के कारण साफ संकेत हैं कि बजट सत्र का पहला चरण हंगामे में ही कटेगा, क्योंकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन के सुचारु संचालन के लिए बजट पर चर्चा से पहले भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर संक्षिप्त चर्चा की शर्त रखी थी, जिसके जवाब में सरकार ने उनसे सत्र के दौरान सदन में हुई घटनाओं पर खेद जताने की शर्त रखी है। बजट सत्र के दौरान अप्रकाशित किताब, सांसदों के निलंबन, विपक्षी महिला सांसदों पर पीएम पर हमले की साजिश जैसे मुद्दे ने सरकार और विपक्ष के संबंधों की खाई चौड़ी कर दी है। ऐसे टकराव की वजह से साफ संकेत हैं कि बजट सत्र के पहले चरण के केवल दो दिन ही शेष रह गये हैं, ऐसे में सरकार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की तरह ही आम बजट पर चर्चा के लिए भी सरकार को ध्वनिमत का सहारा लेना पड़ सकता है। ऐसे में दूसरा चरण शुरू होने से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों पक्षों को ही इस टकराव को दूर करने के लिए कोई न कोई रास्ता तलाशने के लिए प्रर्याप्त मौका मिलेगा।

## जो सामने दिखाई दे रहा है, वही पूरी तरह सच हो, ऐसा जरूरी नहीं है

**प्रेरक-प्रसंग**

महाभारत युद्ध के पहले दिन का किस्सा है। कौरव और पांडवों की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। युद्ध शुरू होने ही वाला था और उस समय पांडवों के बड़े भाई युधिष्ठिर ने अपने अस्त्र-शस्त्र रथ पर रखे और नीचे उतरकर पैदल ही कौरव सेना की ओर चल दिए। युधिष्ठिर को कौरव पक्ष की ओर जाते देखकर भीम और अर्जुन ने पूछा कि भैया आप कहां जा रहे हैं? युधिष्ठिर ने कोई जवाब नहीं दिया। सभी को ऐसा लगने लगा कि युधिष्ठिर कौरवों के सामने समर्पण करने जा रहे हैं। भीम-अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि आप देखिए कहीं भैया युद्ध से पहले ही समर्पण न कर दें। कौरव सेना के लोग भी आपस में बात करने लगे कि धिक्कार है युधिष्ठिर पर, अभी तो युद्ध शुरू भी नहीं हुआ और ये घुटने टेक रहे हैं। कोई समझ नहीं पा रहा था कि युधिष्ठिर क्या करने वाले हैं? श्रीकृष्ण ने मुस्कान के साथ कहा, मैं जानता हूं। धैर्य रखें, विचलित न हों। कुछ पलों के बाद युधिष्ठिर भीष्म पितामह के सामने पहुंचे और हाथ जोड़कर खड़े थे। दूर से देखने पर ऐसा लग रहा था कि युधिष्ठिर ने घुटने टेक दिये और समर्पण कर दिया है।

# बस ने दो बाइकों में टक्कर मारी, पति-पत्नी की मौत



**बढ़ापुर (चिंगारी)।** नगीना-बढ़ापुर मार्ग पर अनियंत्रित प्राइवेट बस ने विपरीत दिशा से आ रही दो बाइकों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक बाइक पर सवार पति-पत्नी की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने सीएचसी नगीना में उपचार के लिए भर्ती कराया है।

मंगलवार की सायं नगीना-बढ़ापुर मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बस बढ़ापुर बस स्टैंड से सवारियां भरकर नगीना के लिए चली थी। ऊनी नदी का पुल पार करने के बाद धर्म कांटे के सामने पहुंचते ही बस अनियंत्रित हो गई और विपरीत दिशा से आ रही बाइक को टक्कर मार दी, दुर्घटना में कस्बे के मोहल्ला नौमी निवासी बाइक सवार शमीम (60 वर्ष) पुत्र अल्लादिया व उनकी पत्नी रशीदा (55 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद अनियंत्रित बस ने एक अन्य बाइक में भी टक्कर मार दी। इस बाइक पर सवार कस्बे के ही वाल्मीकि बस्ती निवासी कमल पुत्र शिवचरण गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना तुरंत ही पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची बढ़ापुर पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएससी नगीना भिजवाया, जहां पर चिकित्सकों ने घायल पति-पत्नी शमीम व रशीदा को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल कमल का उपचार चल रहा है। दुर्घटना के संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया गया है।

# ट्रक को बचाने के प्रयास में स्कूल वाहन पानी में उतरा, कई बच्चे चोटिल



**बढ़ापुर (चिंगारी)।** मंगलवार को नगीना-बढ़ापुर मार्ग स्थित एक स्कूल का वाहन मैजिक छुट्टी के बाद बच्चों को लेकर बढ़ापुर वापस आ रहा था। ग्राम तैयबपुर में विद्युत उपकेंद्र के सामने ट्रक से बचने के प्रयास में स्कूली वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में उतर गया। दुर्घटना से वाहन में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत ही पानी में उतरकर वाहन से बच्चों को बाहर निकाला। इस दुर्घटना में अन्नपूर्णा गोयल, सृष्टि, प्रण कुमार, विन्या, दिव्यांश, रुद्रांश आदि बच्चे घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी बच्चों को दूसरे वाहन से उनके घरों पर पहुंचवाया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि ट्रक को बचाने के प्रयास में स्कूली वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में उतर गया था। वाहन को थाने लाकर सीज कर दिया गया है तथा चालक के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई है।

# लखनऊ प्रदर्शन में शामिल हुए बिजनौर के कांग्रेसी



**लखनऊ/बिजनौर (चिंगारी)।** मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मंगलवार को विधानसभा घेराव कार्यक्रम लखनऊ में हुआ। बिजनौर कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह ने सैकड़ों उत्साही कार्यकर्ताओं और साथियों के साथ लखनऊ पहुंचकर इस घेराव में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

इस अवसर पर हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि बिजनौर जिला कांग्रेस इस लड़ाई में पूरी ताकत से कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ओमवती देवी (पूर्व सांसद), आरके सिंह, हुमायूं बेग (शहर अध्यक्ष), जावेद अंसारी (जिला उपाध्यक्ष संगठन), जहांगीर ज़ैदी (नगर अध्यक्ष), जफर मलिक (ज़िला उपाध्यक्ष), अनिल त्यागी (कार्यालय प्रभारी), हरिराज सिंह (जिला उपाध्यक्ष), विष्वमोहन (ब्लॉक अध्यक्ष), अजीम अंसारी (नगर अध्यक्ष), अहसन जमील (नगर अध्यक्ष), जसराम सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), ठाकुर उत्तम सिंह (कॉर्डिनेटर रामपुर), ठाकुर दीपक सिंह (सचिव), साजिदा बेगम, सुमन चौधरी, सुधीर कुमार एड., दीपक कुमार, नीरज कुमार, सुकन्दी लाल, प्रशांत कुमार एड. उपस्थित रहे।



# जिलाध्यक्ष ने बूथ अध्यक्षों की बैठक ली

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने बूथ संख्या 249 पर बूथ अध्यक्ष कपिल भाटिया के निवास पर एसआईआर के संबंध में नगर कार्यकारिणी, सेक्टर संयोजकों व बूथ अध्यक्षों की बैठक की। जिसमें जिला अध्यक्ष द्वारा नये वोट बनवाने हेतु दिशा निर्देश दिये गये। बैठक से पूर्व जिलाध्यक्ष ने सभी बूथ अध्यक्षों व सेक्टर संयोजकों का माला पहनाकर स्वागत किया। नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, नगर महामंत्री मनदीप चौधरी व राजवीर सिंह एडवोकेट, नगर उपाध्यक्ष मानव सचदेवा, कुलदीप बाल्मीकि, दुष्यंत कुमार, अमरीश कुमार, हितेश सैनी, नगर मंत्री कपिल राजपूत, सेक्टर संयोजक विजय शर्मा व नितिन शर्मा, बूथ अध्यक्ष मनोरंजन शर्मा, विश्वजीत कौशल, चंदन कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्व. पुष्पा देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**किरतपुर (चिंगारी)।** समाजसेवी डॉ. छत्रपाल की पत्नी तथा कल्याणी हॉस्पिटल के डॉक्टर दीपक निर्वाल व डॉ. शिवप्रताप की माता श्रीमती पुष्पा देवी की श्रद्धांजलि सभा नगर के एक बैंकट हॉल में सम्पन्न हुई। श्रद्धांजलि सभा में नगर एवं क्षेत्र के काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर पुष्पा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में आर्य समाज के विद्वान पंडित नरेशदत्त आर्य तथा कुलदीप आर्य, भीष्म आर्य ने भजन प्रस्तुत किए। सभी लोगों का डॉक्टर छत्रपाल सिंह, डॉक्टर दीपक निर्वाल व डॉक्टर शिवप्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# आजमीनों को हज के अरकान समझाये, टीके भी लगाये

**शेरकोट (चिंगारी)।** उप्र हज कमेटी की ओर से इस साल हज पर जाने वाले आजमीनों की ट्रेनिंग हेतु मंगलवार को लगाए गए कैम्प में ट्रेनरों ने हज करने के तौर तरीके बताए गए।

हर साल की तरह नगर के आर.यू.एम. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किये गए प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैम्प में हज ट्रेनर डॉ. जमील अहमद बिजनौर, मौ. आसिफ, डॉ. शहादत चांदपुर, मौ. शादाब शेरकोट और हाफ़िज़ बिलाल अहमद आदि ने तफ़सील के साथ हज के अरकान समझाए और अहराम बांधने का तरीका बताया। ट्रेनरों ने हज के दौरान शुरू से आखिर तक रहने व खाने-पीने आदि की जानकारी दी।

विद्यालय प्रबंधक एवं कैम्प आयोजक फुरकान महमूद अंसारी ने कहा कि हज पर जाने वाले अपने साथ सिर्फ जरूरी सामान ही लेकर जायें और वहां अपने ग्रुप के साथ रहें। उन्होंने कहा हज के दौरान इधर-उधर न घूमकर ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। कैम्प के आखिर में स्वास्थ्य विभाग से आये मौ. शाकिर, शबनम, तसलीम अहमद, मंजू वर्मा,नसीम अहमद, रति महेश्वरी आदि ने 108 लोगों को टीके लगाए गए। कैम्प की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य इकबाल अंसारी ने की और संचालन मौ. आलम ने किया। कैम्प में प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, रईस सेफी, अबरार अहमद, महफूज अहमद, इकबाल अहमद, मुंशी इमामुद्दीन, मौ. आरिफ आदि मौजूद रहे।

# ट्रेनर शादाब का स्वागत किया




इस उप्र हज कमेटी द्वारा शेरकोट निवासी समाजसेवी मौ. शादाब को हज कमेटी का ट्रेनर बनाया गया। मंगलवार को हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैम्प के दौरान आयोजक फुरकान महमूद अंसारी, रईस सैफी और उनके साथियों द्वारा मौ. शादाब का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया।

# राजस्व कार्यों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लायी जाये-डीएम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि राजस्व कार्यों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं और कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लम्बित न रखें। प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों एवं प्रकरणों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर करना सुरक्षित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि 5 एवं 3 वर्ष से अधिक पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए।

उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान देकर दायरे के सापेक्ष वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 34 एवं 24 के लंबित प्रकरणों पर निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों को निस्तारित करें ताकि न्यायालयों में अनावश्यक बोझ से मुक्ति प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी श्रीमती कौर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक राजस्व स्टाफ एवं कर-करेत्तर की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। जिलाधिकारी द्वारा वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संज्ञान में आया कि वाणिज्य कर, परिवहन, विद्युत, खनन तथा बाट-माप विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति नहीं की जा रही है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि उक्त सभी विभागों के अधिकारियों से विभागीय वसूली लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए टाइम लाइन के साथ कार्य योजना प्राप्त करें।

## रेल की चपेट में आकर गौवंश की मौत

**धामपुर ( चिंगारी )।** रात साढ़े आठ बजे मुरादाबाद की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से एक गौवंश की मौत हो गई। बताया जाता है कि यह घटना धामपुर शुगर मिल रेलवे फाटक से लगभग 10 कदम की दूरी पर जैतरा रेलवे क्रासिंग की ओर हुई। घटना की सूचना पाकर आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए और गौवंश को हटवाने की कार्रवाई शुरू की।

## 25 परिवारों को बांटी रमजान किट



कीट बांटते हुए समाजसेवी हाजी हसन खान।

**धामपुर ( चिंगारी )।** तंजीम दावतुल सिदक स्योहारा की जानिब से धामपुर में जरुरतमंद 25 परिवारों को रमज़ान पाक के मुबारक महीने में इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री की किटों का वितरण किया गया। किट में सहरी और इफ्तार के वक्त इस्तेमाल होने वाली सभी खाने-पीने की वस्तुओं, जानमाज और तस्बीह आदि शामिल हैं। तंजीम के कन्वीनर मुफ्ती मोहम्मद फुजैल ने बताया कि हर साल उनकी संस्था द्वारा जरुरतमंदों को यह किट वितरित की जाती हैं। इसमें सहरी और इफ्तार के वक्त इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं शामिल हैं। इस अवसर वरिष्ठ समाजसेवी हाजी हसन खां, कारी सद्दाम हुसैन, मोहम्मद अबु बकर व हाफिज हुसैन अहमद फ़ैजी आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ नजाकत अली कंभौर भी गिरफ्तार किये गये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंगलवार को लखनऊ में विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस द्वारा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अभिनाष पांडे, विधायक आराधना मोना, विरेन्द्र चौधरी, पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्री नजाकत अली कंभौर को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। इस दौरान नजाकत अली कंभौर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम ही नहीं बदला, इस महान योजना का मकसद ही बदल दिया है, जिससे गरीब मजदूरों की रोजगार गारंटी खत्म हो गई है। मोदी सरकार ने गरीबों और मजदूरों के साथ बहुत बड़ी नाइंसाफी की है। मनरेगा की जगह जी राम जी लाने से बैरोजगारी बढ़ेगी तथा गरीब मजदूरों का शोषण होगा। नजाकत अली ने कहा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस के विधानसभा घेराव आंदोलन को डंडे के बल पर कुचलने का प्रयास किया, जो सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है।

## शिव मंदिर में भव्य आरती का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगीना रोड शिवा कॉलोनी स्थित श्री शिव मंदिर में भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलोनी के सभी लोग सम्मिलित हुये। भगवान शिव और हनुमान जी की आरती की गई। हाईडिल के पंडित जी के द्वारा आरती कराई गई। श्री महेश चन्द्र वर्मा रिटायर्ड कानूनगो, श्री सेमवाल रिटायर्ड अधिकारी एवं श्री अभिषेक ने सहयोग किया।

## शार्ट सर्किट से लगी आग नकदी व सामान हुआ राख

**धामपुर ( चिंगारी )।** मौजमपुर जैतरा स्थित नई कालोनी में मंगलवार को एक मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे करीब एक लाख का नुकसान हो गया। नई कालोनी में 132 केवी पावर हाउस के पीछे स्थित रामेश्वर प्रसाद शर्मा के घर में मंगलवार को दोपहर करीब 2.30 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे अफरातफरी मच गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जब तक आग को बुझाया गया तब तक घर में रखे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, कृषि भूमि संबंधी दस्तावेज सहित करीब 30 हजार रुपये नकद जल गये। पीड़ित के अनुसार आग से लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने कोतवाली धामपुर में घटना की तहरीर दे दी है।

## एग्जाम देने जा रहा छात्र दुर्घटना में घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** कल से सीबीएसई बोर्ड के हाई स्कूल के एग्जाम शुरू हो गए हैं। प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल का एग्जाम सेंटर, सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में गया है। कल मंगलवार को हाई स्कूल का छात्र आदि राणा अपनी बाइक पर एग्जाम देने जा रहा था कि ग्राम नौरंगाबाद के पास अचानक उसकी बाइक स्लिप हो गई जिससे उसके दाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। घटना की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया। दाएं हाथ में फ्रैक्चर होने के कारण उसका एग्जाम छूट गया।

## क्षत्रिय करणी सेना के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया



संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षत्रिय करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में धामपुर तहसील, जनपद बिजनौर में संगठन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी जयवीर सिंह सिसोदिया, जिला अध्यक्ष (महिला मोर्चा) शोभा राजपूत, जिला महामंत्री निर्देश राजपूत, ठाकुर सचिन चौहान (जिला मीडिया प्रभारी, बिजनौर), दीपक गहलौत (प्रदेश महामंत्री, पश्चिम उत्तर प्रदेश) सहित पूनम, मंजू, अनीता, भावेश, रीता देवी, चंचल, हेमलता, महेंद्र सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने, नई जिम्मेदारियों के निर्धारण तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी ने एकजुट होकर संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ठाकुर रितिक चौहान को संगठन के प्रति उनके समर्पण एवं सक्रिय योगदान के लिए राम मंदिर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

# शतरंज प्रतियोगिता में भाई-बहन बने विजेता

## वर्धमान कॉलेज में हुआ आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला व पुरुष वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ वर्धमान डिग्री कॉलेज बिजनौर की प्राचार्या डॉक्टर प्रीति खन्ना ने शतरंज की चाल चलकर किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वरिष्ठ पत्रकार अवनीश गौड़ का प्राचार्या द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में बिजनौर जनपद के अलावा मुरादाबाद व रामपुर जनपद से आये खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. सनी कुमार (गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज चांदपुर) को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया, वहीं निर्णायक मंडल में सीनियर नेशनल आर्बिटर विवेक त्यागी, नूतन भारद्वाज, शोभित जैन एवं प्रीति त्यागी रहे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूर्ण मनोयोग से शह और मात का खेल खेला। इनमें से पुरुष वर्ग में सर्वज्ञ भारद्वाज और महिला वर्ग में श्रेया भारद्वाज ने प्रथम स्थान हासिल किया। ये दोनों ही विजेता वर्धमान डिग्री कॉलेज बिजनौर के विद्यार्थी हैं और सगे भाई-बहन हैं। पुरुष वर्ग में सूर्य प्रभाकर रस्तोगी (हिंदू कॉलेज मुरादाबाद) ने द्वितीय, प्रज्ज्वल चौहान (हिंदू कॉलेज मुरादाबाद) ने तृतीय और सुदर्शन शर्मा (वर्धमान डिग्री कालेज बिजनौर) ने चतुर्थ स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में आशी उज्जवल (वर्धमान डिग्री कालेज बिजनौर) ने द्वितीय, अनुकृति (वर्धमान डिग्री कालेज बिजनौर) ने तृतीय और सानिया श्रीवास्तव (राजकीय रजा कालेज रामपुर) ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। दोनों ही वर्गों में प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अब नार्थ जॉन विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्या डा. प्रीति खन्ना व वरिष्ठ पत्रकार अवनीश गौड़ द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डा. जयदीप शर्मा (विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग) ने सभी का आभार जताया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में डॉ. चारुदत्त, डॉ. विकास त्यागी, डॉ. यश चौहान, डॉ. एसके सोन, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. कविता डॉ. आयुष बघेल डॉ. अंचितम गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।


विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना व मुख्य अतिथि अवनीश गौड़

# पुलिस की मौजूदगी और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई बोर्ड परीक्षा

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। पुलिस की मौजूदगी व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी पेन-एंड-पेपर मोड में शुरु हुई इस परीक्षा की पहली पारी प्रात: 8:30 बजे से शुरु हुई, जिसमें हाईस्कूल कक्षा के परिक्षार्थियों ने हिंदी विषय का एग्जाम दिया। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के सात इंटर कॉलेजों एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी, चमनो देवी इंटर कॉलेज व राजबाला देवी इंटर कॉलेज सीरवासुचंद, जीजीआईसी अफजलगढ़, बीएसए इंटर कॉलेज कादराबाद, राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज आसफाबाद चमन व पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज शाहपुर जमाल एवं थाना रेहड़ क्षेत्र के तीन इंटर कॉलेजों राजकीय नवरत्न इंटर कॉलेज व गीता देवी इंटर कॉलेज रेहड़ एवं इंटर कॉलेज सादकपुर में इस बोर्ड परीक्षा के परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों की कॉलेज के मुख्य द्वार पर सघन चैकिंग की गई।


परीक्षार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक।

# शांति आश्रम में हुआ भण्डारा

**नगीना (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम भोगली में स्थित शांति आश्रम में आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्र में आसपास के हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को आश्रम में भंडारे कार्यक्रम से पहले सत्संग व पूजा अर्चना का कार्य हुआ। कार्यक्रम के मुख्य सेवादार राम सिंह कश्यप, बलराम सिंह कश्यप, रोहित कश्यप व रवि कश्यप की अगुवाई में सत्संग कार्यक्रम संपन्न हुआ। विशाल भंडारे कार्यक्रम में अवधेश चौहान, इंद्र कुमार, प्रधानाचार्य महेश कुमार, व्यापारी नेता अब्दुल कय्यूम राईन, भाजपा नेता अजीत अग्रवाल, पंडित सचिन शर्मा, शेख मोहम्मद जमशेद, सरदार हरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।




# गुरू तेग बहादुर स्कूल में तीन छात्रों ने उत्तीर्ण की नीट जेईई परीक्षा

**नूरपुर (चिंगारी)।** नीट जेईई परीक्षा में गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने विद्यालय का परचम लहरा दिया। जतिन प्रकाश 96 परसेंटाइल, प्रभाकर सिंह 90 परसेंटाइल और रिया सैनी ने 84.4 परसेंटाइल के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। टाइम टेबल के साथ पढ़ाई और सही दिशा में मेहनत ने बच्चों को सफलता का रास्ता दिखाया। प्रभाकर सिंह और रिया सैनी कक्षा 5 से और जतिन प्रकाश कक्षा 6 से गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। तीनों ही विद्यार्थी सफल इंजीनियर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहते हैं। प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि बिना राह से भटके सही दिशा में मेहनत और मार्गदर्शन हो तो सफलता मिलनी तय है। प्रबंध निदेशक मंदीप सिंह ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा बड़ी परीक्षा में सफलता अथक प्रयास और मार्गदर्शन से ही मिलती है।





# बना रहे दबाव, कर सकते हैं छवि खराब कार्रवाई से पहले जांच कर लेना साहब!

## ग्राम प्रधानों ने बीडीओ को दिया ज्ञापन

**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम प्रधानों के संगठन ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर अपनी मांगें रखी हैं। ज्ञापन में कहा गया कि कुछ समय बाद चुनाव होने वाले हैं और प्रत्येक गांव में पक्ष-विपक्ष मौजूद है, जिससे कि ग्राम पंचायतों में शिकायतों की संख्या बढ़ रही है और साथ ही कुछ व्यक्तियों व संगठनों द्वारा ग्राम प्रधानों व सचिवों पर दबाव बनवाया जा रहा है। दबाव बनाकर कुछ घण्टों में ही कार्य पूर्ण कराये जाने को कहा जाता है अन्यथा की स्थिति में शिकायतों की धमकी दी जाती है। ज्ञापन में मांग की गयी कि किसी भी शिकायत की गम्भीरता से जांच किये बिना किसी निर्णय पर न पहुंचा जाये। कार्य का अनावश्यक दबाव किसी भी व्यक्ति या संगठन के कहने पर ग्राम प्रधान / सचिव पर न बनाया जाये। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान संघ की अध्यक्ष संध्या सिंह, महेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, कमला, सुमन, भावना, वर्षा, अनूप वर्मा, मोहम्मद नफीस, दिलशाद अहमद, मनोज कुमार, उत्तम कुमार, मोहन सिंह आदि शामिल रहे।



# विधायक ओमकुमार, कल लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिले सपरिवार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नहटौर विधायक ओमकुमार ने कल मंगलवार को राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास-5 कालीदास मार्ग पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ओमकुमार ने मुख्यमंत्री को अपने विधानसभा क्षेत्र नहटौर तथा लोकसभा क्षेत्र नगीना की समस्याओं से भी अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक ओमकुमार से जनपद की राजनीतिक स्थिति एवं विकास योजनाओं के सम्बंध में जानकारी ली। ओमकुमार के साथ उनकी पत्नी श्रीमती शोभा रानी जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, पुत्र सिद्धार्थ सिंह एवं पुत्रवधू श्रीमती शिवानी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पूरे परिवार को अपना आशीर्वाद देते हुए उज्वल जीवन के लिये मंगलकामनाएं कीं। मुख्यमंत्री ने ट्विटर हैंडल से इस शिष्टाचार भेंट का चित्र भी साझा किया।

# शांति वार्ता के बीच रूस ने कीव पर दागे 29 मिसाइलें, 400 ड्रोन

**कीव ( एजेंसी/चिंगारी )।** स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नये सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा। यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है, जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है। बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत 'तनावपूर्ण' थी और छह घंटे तक चली। बातचीत बुधवार को आखिरी दिन तक जारी रहेगी। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत 'व्यावहारिक मुद्दों और संभावित समाधानों की कार्यप्रणाली' पर केंद्रित रही। उन्होंने वार्ता से पहले किसी बड़े घटनाक्रम की उम्मीदों को कमतर बताते हुए कहा था कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल जिनेवा वार्ता में 'अत्यधिक अपेक्षाओं के बिना' पहुंचा है। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार व्लादिमीर मेडिन्स्की कर रहे हैं। रूसी मीडिया के मुताबिक पहले दिन की बातचीत छह घंटे चली और माहौल 'तनावपूर्ण' रहा। वार्ता का अंतिम सत्र बुधवार को होना है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह मॉस्को की 'वास्तविक मंशा' को दर्शाता है।

## बंगाल को छह विकेट से हराकर जम्मू-कश्मीर पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में

**कल्याणी ( एजेंसी/चिंगारी )।** आकिब नबी और सुनील कुमार के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वंशराज शर्मा ( नाबाद 43 ) और अब्दुल समद (नाबाद 30 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन बंगाल के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज टूर्नामेंट के फाइनल में पहली बार जगह बना ली है। आज यहां जम्मू-कश्मीर ने दो विकेट पर 43 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट शुभम सिंह पुंडीर (27) के रूप में गिरा। उन्हें मोहम्मद शमी ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 28वें ओवर में आकाश दीप ने कप्तान पारस डोगरा (नौ) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

# श्री सिद्धि विनायक मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ भंडारा



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला दरबाराशाह स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर 21 वां भव्य विशाल भंडारे का आयोजन स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति नजीबाबाद के द्वारा नगर के सिद्धि विनायक मंदिर में काफी वर्षों पहले मूर्ति स्थापना की गई थी। मूर्ति स्थापना के अवसर पर प्रत्येक वर्ष समिति द्वारा भंडारा आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में 17 फरवरी 2026 को एक विशाल भंडारा मंदिर मूर्ति स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व सुबह भगवान श्री गणेश का अभिषेक किया गया। विधि विधान के साथ पंडित जितेंद्र डबराल व संजय डबराल द्वारा पूजा अर्चना व हवन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। हवन में श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के सदस्य व पदाधिकारियों ने आहुति दी। इस मौके पर गणेश चौथ महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, मंत्री रविंद्र चौहान, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राहुल वर्मा, डॉ. राजीव अरोड़ा, उपाध्यक्ष संदीप तायल, लोकेश अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, डॉ. एसके जौहर, राहुल वर्मा, नितेश सिंघल, अर्जुन अग्रवाल, माधव डेजी, अरुण पाटिल आदि उपस्थित रहे।


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री ( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी
20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

पहला रोजा : जुमेरात
19 फरवरी 2026
ख़त्म सहरी सुन्नी- 5:23, शिया 5:20


# डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने किया रूम डेकोरेट शॉप का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के जलालाबाद रोड पर स्टैब्स ग्राउंड के पास रूम डेकोरेट शॉप का उद्घाटन डॉ. राखी आनंद अग्रवाल एवं डॉ. संदीप अग्रवाल ने फीता काटकर किया। प्रतिष्ठान के मालिक मोहम्मद दानिश एवं उनकी पत्नी अंजुम खान ने दोनों अतिथियों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. राखी आनंद अग्रवाल एवं डॉ. संदीप ने कहा कि मिस्टर दानिश एवं अंजू खान ने प्रतिष्ठान खोलकर नजीबाबाद को सस्ती वह अच्छी क्वालिटी की चादर तकिया, तोलिया, सोफा व तकिया कवर के डेकोरेशन का सामान रखकर



बहुत अच्छा कदम उठाया है। इस शॉप से लोगों को बहुत फायदा होगा। उन्होंने शॉप की तरक्की के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सपा नेता मौ. फुरकान खां, एम. अकरम खान, खालिद मसूद, डॉ. शाहनवाज, मोहम्मद सिकंदर, कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, अबरार अहमद, पत्रकार मुकेश सिन्हा, विनोद मित्तल, डॉ. सुलेमान, डॉ. आसिफ रजा, डॉ. वसीम, डॉ. फैजान, आशा रजा, सुभाष सिंह, शकील रजा, डॉ. इकबाल, डॉ. जफर, डॉ. सलीम, दानिश खान, रयान खालिद आदि उपस्थित रहे।



# न अब दीवारों पर रंगों का राज न पेंटरों का वो अंदाज

## फ्लेक्सी ने बैनर और दीवार लेखन की कला को विलुप्ति के कगार पर पहुंचाया

–विपिन भारद्वाज

**बिजनौर ( चिंगारी )। 'पहले दीवारों पर रंगों का राज था, हर गली-मौहल्लों में पेंटर का अंदाज था, अब फ्लैक्सी के दौर में बदली ये कहानी, रोजी-रोटी पर आ गई परेशानी'**

खुले स्थान में घने पेड़ की छाया के नीचे चेहरे पर लम्बे बाल-दाढ़ी लिये हुये कान में पेंसिल व कंधे पर विभिन्न रंगों के धब्बों वाला लटका कपड़े के साथ दीवार पर टंगे बैनर व बोर्ड को अपने हाथों में लिये ब्रश से लिखता हुआ पेंटर अब शायद ही कहीं आपको नज़र आता है। कभी शहर की दीवारें, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर पेंट करके सुंदर लेखन व आकर्षक चित्रकारी करने वाले अब ये कारीगर (पेंटर्स) काम की अत्यधिक कमी के चलते विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गये हैं।

आधुनिक मशीन युग में डिजिटल प्रिंटिंग, एलईडी डिस्प्ले और फ्लैक्स होर्डिंग के बढ़ते प्रचलन ने अपने हाथों से ब्रश और रंगों से पहचान बनाने वाले पारम्परिक पेंटरों की आजीविका को ग्रहण लग गया है। आकर्षक, टिकाऊ, सस्ते और कम समय में बनकर तैयार होने वाले डिजिटल प्रिंटिंग टैक्नोलॉजी ने पेंटरों के हाथों से रंग व ब्रश छीनकर उन्हें बदहाली पर लाकर खड़ा कर दिया है। कभी अपने चटकीले रंगों की लिखाई से सभी का ध्यान सहज ही अपनी ओर खींचने वालों के जीवन के रंग फीके पड़ते जा रहे हैं।

**नगर के कुछ पेंटर्स ने चिंगारी से व्यथा कुछ यूं प्रकट की-**

### परिवार चलाना मुश्किल हो रहा

नगर पालिका चौराहे के पास स्थित विगत 40 वर्षों से अपनी बेहतरीन हस्तकला का प्रदर्शन करने वाले शमा आर्ट के सईद पेंटर धूप सेंकते हुए मिले। बताया कि पहले की तुलना में काम आधा रह गया है। पहले व्यापारिक प्रतिष्ठानों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक व राजनैतिक आयोजनों आदि में प्रचार के लिये हाथों से लिखे बैनर व बोर्ड बनवाये जाने के कारण उन्हें बड़े पैमाने पर नियमित काम मिलता रहता था और सस्ते के उस जमाने में 500 से 800 रुपये प्रतिदिन की कमाई हो जाती थी, लेकिन अब महंगाई कई गुना बढ़ गई है और काम बहुत कम होने से परिवार तक चलाना मुश्किल हो रहा है।



### तब शहर में 15-20 दुकानें हुआ करती थीं



नई बस्ती में सीढ़ी पर खड़े होकर दीवार पर अपनी हस्तकला का जादू बिखेरते हुए मौहल्ला बुखारा निवासी युवा पेंटर दीप कुमार ने 1999 में अपने बड़े भाई स्व. सुखदेव से पेंटिंग का काम सीखा था। उस समय नगर में आसपास ही 15 से 20 दुकानें हुआ करती थीं और प्रत्येक दुकान पर मास्टर, कारीगर व कुछ सहायकों सहित 6-7 लोगों की रोजी-रोटी आराम से चल जाती थी।

### नये लोग इस पेशे में आने को तैयार नहीं



दीप के साथ पेंटिंग के कार्य में लगे धर्मनगरी निवासी सत्यपाल का कहना है कि बेहाली का दौर उस मोड़ पर पहुंच गया है कि जहां अब नये लड़के इस क्षेत्र में आने से पूरी तरह गुरेज कर रहे हैं, वहीं पुराने लोग भी दूसरे कामों से जुड़ने के लिये मजबूर हो गये हैं।

### 80 प्रतिशत काम कम हो चुका



गत 45 वर्षों से राइटिंग व चित्रकारी के पेशे से जुड़े सिविल लाइन्स स्थित दिनेश आर्ट के स्वामी दिनेश व उनके सुपुत्र सुमित (धर्मनगरी) तथा कारीगर धनीराम भी भविष्य को लेकर खासे चिंतित नजर आये। दिनेश ने बताया कि मां दुर्गा का विशेष आशीर्वाद के चलते धर्मनगरी के बंगाली समुदाय के काफी लोग पेंटिंग के व्यवसाय से जुड़े हुये हैं। लोकल मार्केट का 80 प्रतिशत काम खत्म हो चुका है। मात्र 20 प्रतिशत फील्ड व सरकारी काम मोबाइल के माध्यम से मिल पा रहा है।



### सरकार से गुहार

उपरोक्त के अतिरिक्त धर्मनगरी के गौतम, धनीराम, सिविल लाइंस द्वितीय स्थित संजय पेंटर, अनन्त (चंदनपुरा-मंडावली), रवि (बांकपुर), नासिर (पेदा), धर्मेंद्र, दीप, जितेंद्र (झलरा), दक्ष, अरूण, सोनू (पमड़ावली) आदि पेंटर्स ने एक ही सुर में सरकार से पुरजोर मांग की है कि लोकल फॉर वोकल का ढोल जोरों से पीटने वाली सरकार हमारी ओर भी गंभीरता से ध्यान दे। सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में हमारी सहभागिता व प्राथमिकता प्रदान की जाये। वर्ना वह दिन दूर नहीं जब यह पारंपरिक हस्तकला पूर्णः खत्म हो जायेगी।

**कारण-** आकर्षक कम लागत, उच्च क्वालिटी, शीघ्रता से बनकर तैयार होने के कारण फ्लैक्सी डिजिटल बैनर, पेंटिंग की जगह ले रहे हैं। सरकारी, कार्यों में लगे बड़े ठेकेदार डिजिटल प्रिंटिंग को ही प्राथमिकता दे रहे हैं।

# राजनीतिक दल आपसी सम्मान के आधार पर चुनाव लड़ें और बंधुत्व को बढ़ावा दें- सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि देश में विभिन्न राजनीतिक दलों को बंधुत्व को बढ़ावा देकर आपसी सम्मान के आधार पर चुनाव लड़ने चाहिये। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के हाल के भाषणों पर नौ लोगों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान देश में राजनीतिक दलों के भाईचारे को बढ़ावा देने और आपसी सम्मान के साथ चुनाव लड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया है और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की ऐसी बयानबाजी पर ध्यान देते हुए कहा कि ऐसा आचरण संवैधानिक मर्यादा के अनुकूल नहीं है। याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा, न्यायालय को इसमें कुछ अवश्य करना चाहिए।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




# जेईई में 99.95 परसेंटाइल लाकर विधान ने रचा इतिहास

## गौरवान्वित है डीपीएस परिवार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर के मेधावी छात्र विधान अग्रवाल ने आईआईटी जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) में 99.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, अपने माता-पिता तथा जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, अटूट आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का उज्ज्वल प्रमाण है। विधान की सफलता यह दर्शाती है कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से असंभव भी संभव हो जाता है। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का दीपस्तंभ है, जो यह सिखाती है कि समर्पण और साधना से हर शिखर प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय का सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण तथा शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन इस सफलता की आधारशिला रहा है। यहां विद्यार्थियों को केवल परीक्षा की तैयारी ही नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों, आत्मअनुशासन और व्यक्तित्व-विकास की समग्र शिक्षा दी जाती है। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा, जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में 99.95 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अत्यंत गौरव का विषय है। विधान की सफलता उनके समर्पण, शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग का परिणाम है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन की हर चुनौती के लिए सक्षम बनाना है। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे।

### पिता का प्रोत्साहन बना सबसे बड़ा संबल

विधान के पिता डॉ. नितिन अग्रवाल, जो बिजनौर के प्रसिद्ध अस्थि-रोग विशेषज्ञ (आर्थोपेडिक चिकित्सक) हैं, का स्नेह, संस्कार और निरंतर प्रोत्साहन भी इस उपलब्धि में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित होने के साथ-साथ उन्होंने अपने पुत्र को अनुशासन, परिश्रम और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा दी।

# पीएम श्री इब्राहिमपुर साधो का वार्षिकोत्सव आयोजित

## छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी




**नहटौर ( चिंगारी )।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर साधो का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पीएम श्री योजना के अंतर्गत मिल रही योजनाओं के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान इकबाल हुसैन एवं संचालन विनय कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अध्यापिका सरताज परवीन ने पीएम श्री योजना के अंतर्गत अभिभावकों को आवश्यक जानकारी दी। आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत छात्रों को स्टेशनरी वितरित की गई। छात्रों द्वारा स्वागत गीत के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसकी अतिथियों द्वारा जमकर सराहना की गई। विद्यालय की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को एआरपी सुखबीर सिंह, अमित मलिक, सुदेश चंद्रपाल, रामअवतार सिंह, मौ.नईम, शाहकार फारूकी, शमीम अहमद, उमैर अहमद, विकास कुमार आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राशिद हुसैन, तबस्सुम जहां, आफताब आलम, सुनील कुमार का सहयोग रहा।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# आख़िरकार कब्जामुक्त हुई कॉलेज की भूमि

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कस्बे में एक लंबे अरसे से चल रहा ज़मीनी विवाद आखिरकार अपने अंजाम तक पहुंच गया। कालागढ़ मार्ग पर स्थित राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज की सरकारी भूमि को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण से मुक्त करा दिया। अदालत के फ़ैसले के बाद तहसील प्रशासन ने राजस्व टीम और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिये।

मौके पर जैसे ही तहसीलदार धनराज सिंह की अगुवाई में प्रशासनिक अमला पहुंचा, अवैध कब्जाधारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कॉलेज की पश्चिम दिशा में स्थित खाली पड़ी सरकारी ज़मीन पर शमीम अंसारी, कमालुद्दीन, रियासत, लाला अल्ताफ, कफील, तौकिर, शाहिद समेत कई लोगों का लगभग 64 वर्षों से कब्ज़ा बताया जा रहा था। इस भूमि को लेकर अदालत में वर्षों तक मुकदमा चलता रहा, जिसके बाद सिविल जज नगीना ने स्कूल प्रशासन के हक़ में फ़ैसला सुनाया।

इस पूरे मामले में कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार और उपप्रधानाचार्य नितिन कुमार की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। दोनों अधिकारियों ने तमाम दबाव, धमकियों और व्यक्तिगत जोखिमों के बावजूद न्यायिक लड़ाई को जारी रखा। बताया जाता है कि उन्हें विभिन्न स्तरों पर परेशान करने की कोशिशें भी की गईं, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते रहे। हाजी मोहम्मद रिज़वान कुरैशी और नगर के जागरूक नागरिकों ने भी इस संघर्ष में स्कूल प्रशासन का भरपूर साथ दिया। पिछले तीन वर्षों में कानूनी कार्रवाई तेज़ हुई और आखिरकार न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी।



कब्जाधारियों ने ज़मीन पर पक्के और कच्चे दोनों तरह के निर्माण कर लिए थे। न्यायालय के आदेश जारी होने के बाद भी कार्रवाई में देरी हुई, जिससे आम जनता में नाराज़गी थी। आरोप यह भी रहे कि कुछ राजस्व कर्मियों और अधिकारियों की लापरवाही के कारण कब्जाधारियों को समय मिलता रहा। आख़िरकार नायब तहसीलदार कपिल कुमार आज़ाद, लेखपाल प्रमोद कुमार, गौरव कुमार, योगेंद्र सिंह सहित प्रशासनिक टीम, नोडल अधिकारी नितिन चौहान, अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह, थाना अध्यक्ष विजेंद्र कुमार राठी और एसएसआई श्रीपाल सिंह की मौजूदगी में जेसीबी द्वारा अवैध निर्माण गिरा दिए गए और भूमि को सरकारी अभिलेखों के अनुसार मुक्त घोषित किया गया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में क़ानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन का कहना है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्ज़ा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# फ़रार अपराधी के घर नोटिस चस्पां किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** न्यायालय से किए गए फरार अपराधी घोषित होने का उसके घर के गेट पर पुलिस ने नोटिस चस्पां किया है। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाने के अंतर्गत गांव मदनपुर के विशाल पुत्र निरंजन के खिलाफ स्थानीय थाने में पाक्सो एक्ट से संबंधित मुकदमा दर्ज है। मुकदमे में लगातार फरार चलने के कारण विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने विशाल को फरार अपराधी घोषित किया। इस आदेश के तहत हलका दरोगा रोबिन सिंह ने अभियुक्त विशाल के मकान के में गेट पर धारा 84BNS का नोटिस किया।



# ट्रक के टैंक से डीजल चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**नहटौर ( चिंगारी )। टाइल्स लेकर नहटौर पहुंचे ट्रक से रात्रि में अज्ञात लोगों ने 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया। चोरी की घटना टाइल्स शोरूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मंगलवार को पुलिस से की गई शिकायत में चांदपुर चुंगी के पास स्थित बांके बिहारी मार्बल शोरूम के स्वामी मुदित कुमार ने बताया कि सोमवार की रात्रि करीब 12 बजे गुजरात के प्रांत के मोरबी से ट्रक टाइल्स लेकर उनके शोरूम पर आया था। रात्रि में किसी समय ट्रक के टैंक का ताला तोड़कर 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। डीजल चोरी होने की जानकारी मंगलवार को हुई। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।**

# पत्रकारों से सहयोग का आह्वान

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मंगलवार की अपराह्न थाना रेहड़ के नवागत प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने थाना प्रांगण में पत्रकारों के साथ परिचय बैठक कर उन्हें सम्मान का भरोसा दिलाते हुए उनसे कानून व्यवस्था में सहयोग की अपील की। थाना प्रभारी ने प्रेस के जरिए क्षेत्रवासियों को भी आश्वस्त करते हुए कहा कि फरियादियों की सम्मानजनक सुनवाई होगी और पीड़ित की हर संभव मदद की जाएगी। शांति व्यवस्था को तरजीह देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक सज्जन व्यक्ति का पूरा सम्मान होगा, मगर अपराधियों को नहीं बख्शा जाएगा। बता दें कि मूल रूप से जनपद हरदोई निवासी इंस्पेक्टर राजीव वर्मा पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर नियुक्त हुए जो अपनी मेहनत और कार्यशैली के बल पर प्रमोट होते-होते आज इंस्पेक्टर के पद पर आसीन है।



# कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में हुई टैलेंट सर्च प्रतियोगिता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज के द्वारा मंगलवार को जिले के विभिन्न कॉलेजों के छात्र/छात्राओं का टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजकीय बालिका कन्या इंटर कॉलेज से सानिया प्रथम, विशाखा द्वितीय एवं राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गीता इंटर कॉलेज के आकिब प्रथम, ईशु कश्यप द्वितीय एवं चिराग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीआईसी इंटर कॉलेज के हुजैफ ऐजाज़ प्रथम, ईशान द्वितीय एवं अदनान अहमद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। केपीएस कन्या इंटर कॉलेज की निधि प्रथम, निशा द्वितीय एवं शबनूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर महेंद्र सिंह कौरव के द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य महेंद्र सिंह कौरव ने छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि सही सफलता हासिल करने के लिए सभी छात्रों को अपने जीवन में एक निश्चित लक्ष्य लेकर उसके अनुरूप कठिन परिश्रम करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर एकता त्यागी, पूजा लांबा, शिवानी पवार, अमित गौड़, हर्षित चौधरी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# रहमतों और बरकतों वाला महीना रमज़ान



रमज़ान इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और बरकतों भरा महीना है। यह केवल रोज़ा रखने का नाम नहीं, बल्कि आत्मसंयम, सब्र और आत्मशुद्धि का अभ्यास है। इस महीने में मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक संयम रखते हुए अल्लाह की इबादत करते हैं और अपने व्यवहार को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं।

रोज़ा इंसान को भूख और प्यास के माध्यम से दूसरों की तकलीफ़ का एहसास कराता है। जब इंसान खुद कठिनाई से गुजरता है, तभी उसे समाज के ग़रीब, मजबूर और ज़रूरतमंद लोगों की पीड़ा समझ में आती है। यही एहसास दिल में इंसानियत, रहम और बराबरी की भावना को जन्म देता है।

**भूख ने सिखा दिया एहसास का हुनर हमको,**
**रमज़ान आया तो इंसान होना याद आया।**

रमज़ान के दौरान नमाज़, क़ुरआन की तिलावत, दुआ और ज़कात का विशेष महत्व होता है। यह महीना इंसान को अपने गुनाहों से तौबा करने और नेक रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। माना जाता है कि इस पाक महीने में की गई इबादत और नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है।

यह महीना केवल इबादत तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति ज़िम्मेदारी निभाने का भी संदेश देता है। भूखों को खाना खिलाना, ज़रूरतमंदों की मदद करना और दिलों से नफ़रत निकालकर मोहब्बत को जगह देना- यही रमज़ान की असली रूह है।

आज के भागदौड़ और तनाव भरे जीवन में रमज़ान इंसान को ठहरकर खुद को देखने का अवसर देता है। यह याद दिलाता है कि असली अमीरी धन-दौलत में नहीं, बल्कि अच्छे किरदार, साफ़ नीयत और इंसानियत में छिपी होती है। रमज़ान हमें बेहतर इंसान और बेहतर समाज बनने की राह दिखाता है।

**-मिस हुसैन**

# आज चांद नजर आया तो कल होगा रमजान का पहला रोजा

## सऊदी अरब में कल चांद दिखाई देने से यहां आज चांद दिखाई देने के आसार बढ़े



कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक यह शाबान का महीना चल रहा था जिसकी आज 29 तारीख है। इस्लामिक कैलेंडर में हर एक महीना 29 या 30 दिन का होता है। अगर शाबान का यह महीना 29 तारीख का हुआ और आज शाम चांद नजर आया तो रमजान का महीना शुरू हो जाएगा, यानी कल बरोज जुमेरात को रमजान का पहला रोजा होगा। अगर आज चांद नजर नहीं आया तो पहला रोजा परसों बरोज जुमा को होगा। सऊदी अरब में बीते मंगल की शाम को चांद नजर आ जाने पर हिंदुस्तान में भी आज चांद नजर आने के पूरे पूरे आसार हैं क्योंकि पिछले तमाम वर्षों पर अगर नजर डालें तो ज्यादातर यह देखने में आया है कि सऊदी अरब से ठीक अगले दिन हिंदुस्तान में चांद नजर आ जाता है और सऊदी अरब के मुकाबले हिंदुस्तान में अगले दिन रमजान का पहला रोजा होता है मगर कभी-कभी ऐसा नही भी हुआ है।

## मुस्लिमों में उत्साह

माहे रमजान की तैयारियों को लेकर मुसलमानों में खासा उत्साह है। इस महीने में विशेष रूप से पढ़ी जाने वाली तरावीह की नमाज की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आज शाम चांद नजर आया तो आज रात से ही नमाज-ए-तरावीह शुरू हो जाएगी। उधर तमाम मुसलमान रमजान की तैयारियों को लेकर जरूरी सामान की खरीदारी व तमाम इंतजाम में लग गए हैं।

## कल से इबादत में मशगूल हो जायेंगे मुस्लिम भाई

**नांगल सोती ( चिंगारी )। कल से मुकद्दस रमजान माह का आगाज हो जायेगा। इस्लाम में रमजान की बहुत खास अहमितयत है। इस महीने में मुसलमान रोजा रखते हैं और अपना ज्यादातर समय इबादत में गुजारते हैं। रमजान को लेकर मुस्लिमों में खासा उत्साह है। मस्जिदों में तरावीह की विशेष तैयारियां की गई हैं। आज दिनभर मुसलमान रमजान की तैयारियों में लगे रहे।**

# माहे मुबारक आ गया..

मोमिनो रमज़ान का माहे मुबारक आ गया
नेकियां बरसीं, फ्लक पर अब्रे रहमत छा गया
इस मुबारक माह की तुमसे फ़ज़ीलत क्या कहूं
है खुदाए-पाक की रहमत ही रहमत क्या कहूं
ज़हनो दिल राग़िब नहीं होते गुनाहों की तरफ़
खुद ब खुद उठते हैं पांव खान काहों की तरफ़
जब ख़ुदा खोलेगा अपने हाथ से फर्दे हिसाब
हश्र में पाएंगे मोमिन अपने रोज़ों का सवाब
ये है इनआमात हक़ के जां निसारों के लिये
बाबे जन्नत खुल गये हैं रोज़ा दारों के लिये
धूप भी रोज़ों में गुजरी जिनके जिस्मों पर गिरां
तन गये उनके सरों पर रहमतों के साए बों
जिस्म जितना भी हो रोजों का नक़ाहत से निढाल
उतनी ही ई मां को ताक़त देगा रब्बे जुल जलाल
जिन्दगी के रोज़ों शब रब की इबादत में गुज़ार
और फिर बादे फ़ना हर आन जन्नत में गुज़ार
मस्जिदों से आ रही है सुन अज़ानों की सदा
चल नमाज़ो के लिये आवाज़ देता है खुदा
हैं नामें ही जरीआ बख़्शिशों का जान ले
रोज़े महशर के लिये कुछ तो सरो सामन ले
क़ब्र की तारीकियों को दूर करती है नमाज़
ये हक़ीक़त है लल्द पुर नूर करती है नमाज़
विर्द करता हे जो मोमिन आयतें कुरआन की
रोज़ बढ़ती ही चली जाती है उसके ताज़गी ईमान की
ये मुकद्दस साअतें नादान ग़फ़लत में न खो
क्या भरोसा जिन्दगी का आज है कल हो न हो



-शनावर किरतपुरी
मो. 9917444800







हैण्डपम्प का अवशेष

# टिनशेड हुआ क्षतिग्रस्त, दुकानदार-ग्राहक सब त्रस्त

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नांगल थाने के ठीक पीछे मंडी समिति नजीबाबाद का उपमंडी स्थल है, जहां शुक्रवार को विशाल साप्ताहिक बाजार लगता है। उपमंडी स्थल का टिनशेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। अब वहां टिन के केवल चिथड़े दिखाई देते हैं। यदि बारिश आ जाये, तो उससे सिर छिपाने के लिये पूरे उपमंडी परिसर में दुकानदारों के पास कोई जगह नहीं है। साप्ताहिक बाजार में हजारों लोग खरीदारी करने आते हैं। जीर्ण-क्षीर्ण टिनशेड धूप से भी नहीं बचा सकता है। टिनशेड का कोई लाभ दुकानदारों को नहीं मिल पा रहा है।

इतना ही नहीं, उपमंडी परिसर में जगह-जगह गंदगी भी फैली पड़ी है। दशकों पहले यहां एक चौकीदार रहता था। देखरेख के अभाव में चौकीदार का आवास खंडहर होता जा रहा है। उसके आसपास गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है। ग्राम प्रधान कविता, प्रधानपति अर्पण कुमार ने मंडी समिति नजीबाबाद के सचिव को पत्र देकर नया टिनशेड डलवाये जाने की मांग की है। साप्ताहिक बाजार में आने वाले दुकानदारों सलाउद्दीन, अकरम, राजवीर, विकास, नरेश, योगेश, खलील आदि तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार, हेमेन्द्र चौधरी, राजपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान मौ. फरमान आदि ने भी राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद उत्तर प्रदेश तथा जिला प्रशासन से नया टिनशेड डलवाये जाने की मांग की है।

## पीने का पानी भी मयस्सर नहीं

**शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार में सैकड़ों दुकानदार तथा हजारों क्षेत्रवासी ( ग्राहक ) आते हैं, उनके लिये पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। पहले यहां के हर कौने पर नल हुआ करते थे, मगर एक-एक कर सब खराब हो गये और फिर किसी भी नल को ठीक नहीं कराया गया। पुराने नलों के अवशेष वहां अब भी खड़े हैं। गेट के बाहर सामुदायिक शौचालय हेतु पंचायत ने एक हैंडपंप लगवाया है, सारे दुकानदार उसी एक नल पर आश्रित हैं।**

## सचिव बोले..

उपमंडी स्थल पर जाकर निरीक्षण करूंगा। नया टिनशेड डलवाने को प्रस्ताव भेजा जायेगा और दुकानें बनवाने का प्रस्ताव भी भेजा जायेगा।

**- सचिन शर्मा, सचिव, कृषि उत्पादन मंडी समिति नजीबाबाद**

## एसडीएम ने कहा..

नया टिनशेड डलवाने को सम्बन्धित अधिकारियों से बात की जायेगी। नल लगवाने का भी प्रयास किया जायेगा।

**- शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम नजीबाबाद**

# अतिक्रमण हटाने का क्या है लाभ कुछ देर बाद, वही ढाक के तीन पात



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर में अतिक्रमण के कारण जाम लगने की समस्या से नागरिक अत्यन्त परेशान हैं। लोगों का सड़क पार करना दुश्वार हो रहा है। नगर पालिका प्रशासन कभी-कभार अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाता है, लेकिन वह एक-दो दिन के बाद बन्द हो जाता है। पिछले दिनों नगर पालिका द्वारा डीएम निवास से जिला पंचायत कार्यालय तथा रोडवेज चौराहे से मुख्य डाकघर तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया, जिसे देखते हुए सभी फलवालों, ढाबों वालों, जूस वालों ने अपने-अपने सामान यहां तक कि ठेले तक बसपा व कांग्रेस के कार्यालयों में भर दिये। दोपहर को पालिका टीम के जाते ही सभी ठेले पूर्व की भांति ही अपने-अपने स्थान पर आकर खड़े हो गये। बस इस एक दिन के लिये थोड़े से मार्ग पर अभियान चलाकर पालिका प्रशासन शांत हो गया। मुख्य डाकघर से रोडवेज के चौराहे तक पुराने टेलीफोन एक्सचेज के सामने रोडवेज बस स्टैण्ड पर आने-जाने के लिये तीन गेट बने हुए हैं। इन तीनों गेटों को जहां ई-रिक्शा वाले घेरे रहते हैं, वहीं एक गेट से सटे होटल वाले ने तो गेट से लेकर फुटपाथ से आगे तक अपनी 7-8 बैंचे डाल रखी हैं, जिससे लोगों का बस स्टैण्ड पर आना-जाना मुश्किल हो रहा है। नगर पालिका द्वारा मात्र एक दिन ही अतिक्रमण हटाओ अभियान वह भी थोड़े से ही स्थान पर चलाने पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। यदि इस रोड पर दोनों ओर पैदल चलने वालों के लिये रेलिंग लगवा दी जाये तो समस्या का काफी समाधान हो सकता है।

# 16 मार्च को 500 छात्राओं को साइकिल बाटेगा आभा फाउंडेशन



आभा सिंह

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में 16 मार्च को फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं में 500 साइकिलों का वितरण किया जाएगा। फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने बताया कि साइकिल के लिए वही छात्राएं आवेदन करें, जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। मालूम हो कि आभा फाउंडेशन की ओर से एक ओर जहां 100 से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह कराया जा चुका है, वहीं कड़ाके की ठंड में हजारों की तादाद में लिहाफ का वितरण किया जाता है। फाउंडेशन की ओर से नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कर जहां हजारों लोगों में चश्मों का वितरण किया जा चुका है, वहीं सैकड़ों लोगों के मोतियाबिंद के आप्रेशन कराये जा चुके हैं।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)

पत्रांकः- 567/न.पा.परि.किर./2025-26 — दिनांक 17-02-2026

## -: नीलामी सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, किरतपुर वर्ष 2025-26 के लिये निर्धारित शरायतों पर दिनांक 25-02-2026 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में निम्नलिखित ठेकों को नीलाम कर रही है। इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक व समय पर नगर पालिका परिषद, किरतपुर में आकर बोली दे सकते हैं। सम्बंधित ठेके की शरायतें कार्यालय में कार्य दिवस एवं समय में देखी जा सकती हैं।

| क्र.सं. | नाम ठेका | जमानत राशि |
|---|---|---|
| 1. | ठेका मृतक पशु | 5000-00 |
| 2. | ठेका गन्दा पानी मण्डावर रोड/राधगान | 500-00 |
| 3. | ठेका गन्दा पानी अंसारियान/ईदगाह रोड | 500-00 |
| 4. | ठेका गन्दा पानी लाडपुरा | 500-00 |
| 5. | ठेका गन्दा पानी बहादरपुर रोड | 500-00 |
| 6. | ठेका आम बहार (पालिका व जलकल प्रांगण) | 500-00 |

मुख्य शरायतें:-

1. नगर पालिका परिषद, किरतपुर के ठेके के बकायेदारों को बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा।
2. उपरोक्त सभी ठेके क्रमांक 1 से 6 तक अंकित नगद जमा पर नीलाम होंगे।
3. बोली बोलने से पूर्व निर्धारत जमानत नकद जमा करनी होगी।
4. उच्चतम बोलीदाता को ठेका स्वीकार होने पर अपने व्यय पर देय स्टाम्प पर अनुबंध करना होगा।
5. ठेके की बोली स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, किरतपुर में निहित होगा।
6. शेष शरायत पालिका कार्यालय में कार्य दिवस एवं समय में देखी जा सकती है।

( मेघा गुप्ता )
अधिशासी अधिकारी

( अ. मन्नान )
अध्यक्ष

**नगर पालिका परिषद, किरतपुर ( बिजनौर )**

# कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा





**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा आज से शुरू हो गई। जिले भर में परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए 119 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस वर्ष कुल 86,521 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिनमें 45,429 हाईस्कूल तथा 40,976 इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी शामिल हैं। पहली पाली में सुबह 8:30 बजे से हाईस्कूल की परीक्षा प्रारंभ हुई, जो 11:45 बजे समाप्त हुई। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह और आत्मविश्वास नजर आया। परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। केंद्र व्यवस्थापकों और संबंधित अधिकारियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इंटरमीडिएट की दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने दावा किया है कि परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## पहले दिन पहली पारी में 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन की पहली पाली में क्षेत्र के दो परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल के 32 परीक्षार्थियों ने हिन्दी की परीक्षा छोड़ दी। क्षेत्र के दो विद्यालयों-राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल तथा नूतन इंटर कॉलेज तिसोतरा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल के प्रधानाचार्य / केन्द्र व्यवस्थापक राजीव चौहान ने बताया कि प्रथम पाली में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 514 परीक्षार्थियों को परीक्षा देने आना था, मगर 508 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। नूतन इंटर कॉलेज तिसोतरा के प्रधानाचार्य / केन्द्र व्यवस्थापक सुरजा सिंह ने बताया कि प्रथम पाली में 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 427 परीक्षार्थियों को परीक्षा देने आना था, मगर 401 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। दोनों परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी




आकांक्षा चौहान को सम्मानित करते बीडीओ व एडीओ।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मंगलवार को विकास खण्ड के शहीद रिक्खी सिंह परवीन सिंह सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने की। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी डा. दिनेश पाल शर्मा व सहायक विकास अधिकारी करूणा चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आकांक्षा चौहान का स्वागत किया। बैठक में विभिन्न विभागों के एडीओ तथा विभाग के अधिकारियों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी सतीश कुमार ने पुष्टाहार वितरण व आंगनवाड़ी से संबंधित जानकारी दी। जेई एमआई संजीव कुमार ने लघु सिंचाई विभाग के अन्तर्गत बोरिंग व अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी सलीम अहमद ने स्वंय सहायता समूह व विकास खण्ड में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की विस्तृत जानकारी दी। पशुपालन विभाग के डॉ. विनय कुमार ने पशुपालन विभाग, गौशाला आदि के बारे में विस्तार से बताया। खण्ड विकास अधिकारी डॉ. दिनेश पाल शर्मा ने विकास खण्ड में संचालित सभी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया। बैठक को सम्बोधित करते हुए आकांक्षा चौहान ने ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत व विभिन्न विभागों से कराए गए विकास कार्यों के विषय में विस्तार से बताया। बैठक का संचालन एडीओ ग्राम विकास सलीम अहमद ने किया। बैठक में राशु चौहान, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मोनी चौधरी, मोहम्मद इरफान, राजो देवी, मोहम्मद आसिफ, कुसुम देवी, राजेश कुमार, मोहित कुमार, भुरिया देवी आदि क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न



**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ वि. क्षे. जलीलपुर के ब्लाक स्तरीय त्रिवर्षीय चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ, जिसमें कमल कान्त अध्यक्ष व जावेद खलील महामंत्री चुने गए। चुनाव के बाद शिक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत/सम्मान किया। कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्याऊ में चुनाव अधिकारी हितेश कुमार व चुनाव पर्यवेक्षक अल्फिया अफजाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुए चुनाव में कमल कान्त अध्यक्ष, जावेद खलील महामंत्री, विनय कुमार कोषाध्यक्ष, नितिन कुमार आडिटर, रामपाल सिंह, देवेन्द्र कुमार, रिक्की सिंह व शलभ अग्रवाल संयुक्त मंत्री, इमरान मौ. अजहर व धीरेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमल गौतम लेखाकार चुने गए।

# शनोबर नाज़ चुनी गई मिस फेयरवेल



शनोबर नाज को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

**नगीना ( चिंगारी )।** एम. एम. इंटर कॉलेज में आयोजित छात्राओं के विदाई कार्यक्रम में छात्रा शनोबर नाज को मिस फेयरवेल चुना गया। मंगलवार को कॉलेज सभागार में हुए विदाई कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन के पुत्र शेख सहराज खलील व प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने किया। विदाई कार्यक्रम में छात्राओं ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि चेयरपर्सन के पुत्र शेख सहराज खलील व प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने मिस फेयरवेल चुनी गई छात्रा शनोबर नाज को ताज पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, ज़हीर अनवर आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 235 जोड़े शादी के बन्धन में बंधे

**नूरपुर ( चिंगारी )। मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुकूमतपुर रोड स्थित एक बैंकट हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी का ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।**

कार्यक्रम में बोलते हुए आकांक्षा चौहान ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की जानकारी दी तथा बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुख्य योजनाओं में से एक है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में बगैर किसी भेदभाव के सभी धर्मों की गरीब बेटियों को सम्मान के साथ विदा किया जाता है। कार्यक्रम में भूपेन्द्र चौहान व आकांक्षा चौहान ने शादी के बंधन में बंधे 200 हिन्दू व 35 मुस्लिम नवदम्पति जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नये जोड़ों को सरकार की ओर से उपहार के रूप में जरूरी सामान दिया गया तथा उनके साथ उपस्थित उनके परिजनों के लिए खाने की व्यवस्था करायी गई। कार्यक्रम का संचालन एडीओ सलीम अहमद ने किया। कार्यक्रम में राशु चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रवि चौधरी, नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल, विनय चौहान, धर्मेन्द्र सैनी, बीडीओ डॉ. दिनेश पाल शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह, एडीओ पंचायत करूणा चौहान, एडीओ समाज कल्याण योगेश कुमार, एडीओ कॉपरेटिव एकेश्वर सुन्दरियाल, एसईओ कृषि सोमपाल सिंह, गिरीश चन्द, नीरज कुमार, सलमान खान, लोकेश, राजकुमार, सोहित, पप्पन, रंजीता, रेखा, विपिन सैनी, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।



नवदम्पति को आशीर्वाद देते अतिथि।

# पेड़ टूटकर गिरने से बाइक सवार दो युवक घायल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बुंदकी मार्ग पर पर जा रहे बाइक सवार युवकों पर जर्जर पेड़ टूट कर गिर गया, जिसमें दोनों घायल हो गये। राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

मंगलवार को बुंदकी मार्ग पर जा रहे दो बाइक सवार युवकों पर अचानक पेड़ टूटकर गिर गया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की हालत गंभीर बताई गई है। बताया गया कि झालू निवासी शिवा और खड़ियापुर निवासी अनस बाइक से जा रहे थे। जैसे ही सुभाष नगर स्थित नहर के पास पहुंचे तभी अचानक उनके ऊपर पेड़ गिर गया। पेड़ की चपेट में सड़क किनारे रखा एक खोखा भी आ गया जिसमें एक महिला थी वह भी घायल हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ काफी पुराना और सूखा हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से कई बार इसे काटने की मांग की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर अनस की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# युवक ने अर्धनग्न होकर टैक्सी पर चढ़कर किया हाईवोल्टेज ड्रामा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर की मंडी समिति के पास टैक्सी के ऊपर खड़े होकर नग्न अवस्था में एक युवक ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया। वहां पर मौजूद कुछ व्यक्तियों ने उसकी वीडियो बनाई गई और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। नजीबाबाद कोटद्वार टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अली शेर द्वारा जानकारी दी गई कि यह व्यक्ति शहर में कई बार देखा गया है वह मानसिक रूप से पागल है। अचानक से टैक्सी में बैठ गया और टैक्सी की छत पर चढ़कर नंगा होकर ड्रामा करने लगा। टैक्सी चालक ने उस व्यक्ति को आगे जाकर उतार दिया गया। वह व्यक्ति फाटक नंबर तीन के समीप किसी अन्य नीले रंग की कार पर चढ़ गया जो कोटद्वार की ओर किसी शादी समारोह में गाड़ी बुकिंग पर जा रही थी जिसमें महिला पुरुष बैठे हुए थे। किसी तरह स्थानीय लोगों ने उस व्यक्ति को वहां से भगाया। स्थानीय निवासी अंकित कुमार नाम के व्यक्ति ने जानकारी दी गई कि पागल व्यक्ति द्वारा कम से कम आधा घंटा हाई वोल्टेज ड्रामा टैक्सी गाड़ी पर चढ़कर किया गया उस समय वहां पर काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए इस संबंध में गंग नहर चौकी प्रभारी एस आई मोहम्मद क़य्यूम अली से बात की गई उन्होंने बताया व्यक्ति मानसिक रूप से पागल बताया जा रहा है ।

# भारतीय मुसलमान भी हिंदू, घर वापसी करानी है- भागवत



## संघ प्रमुख ने कहा- हिंदू 3 बच्चे पैदा करें, UGC नियम किसी के ख़िलाफ़ नहीं

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मोहन भागवत ने मंगलवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में कई अहम मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाले मुसलमानों की जड़ें भी इसी भूमि से जुड़ी हैं। वे यहीं के पूर्वजों की संतान हैं, इसलिए समाज को बांटने के बजाय जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने 'घर वापसी' का जिक्र करते हुए कहा कि यह कोई तात्कालिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद और समझ के जरिए धीरे-धीरे होने वाला कार्य है। जनसंख्या के मुद्दे पर संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदू समाज में घटती जन्मदर चिंता का विषय है। उनका मत था कि एक परिवार में कम से कम तीन बच्चे होने चाहिएं, ताकि संतुलन बना रहे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि विवाह के बाद परिवार विस्तार पर गंभीरता से विचार करें। संघ प्रमुख भागवत 17 और 18 फरवरी को लखनऊ प्रवास पर हैं। पहले दिन निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में सामाजिक सद्भाव बैठक में शिरकत की। UGC से जुड़े विवाद पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए नियम किसी एक वर्ग के खिलाफ नहीं होते। यदि किसी को आपत्ति है तो वह संवैधानिक तरीके से अपनी बात रख सकता है, क्योंकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून का पालन करना नागरिकों की जिम्मेदारी है। सामाजिक समरसता पर बोलते हुए भागवत ने उदाहरण दिया कि यदि कोई व्यक्ति गड्ढे में गिरा है तो उसे भी बाहर निकलने के लिए हाथ बढ़ाना होगा और बाहर खड़े व्यक्ति को भी उसे उठाने के लिए झुकना पड़ेगा। यानी समाज में संवाद और सहयोग दोनों ओर से होना चाहिए। उन्होंने जाति व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज को जातिगत विभाजन से ऊपर उठना होगा। वर्षों से इसे समाप्त करने के प्रयास हो रहे हैं, लेकिन यह प्रवृत्ति अभी भी बनी हुई है। इतिहास का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मुगल और अंग्रेज शासन के लंबे दौर के बावजूद भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा मजबूत बनी रही। इसलिए आज भी समाज को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जब उनसे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कुछ मुस्लिम समुदाय के लोग स्वयं संघ से जुड़ना चाहते थे, उसी पहल के तहत यह मंच बना।

# मैच रद्द होने से जिम्बाब्वे पहली बार सुपर आठ में

**पल्लेकेले ( एजेंसी/चिंगारी )।** पल्लेकेले में बारिश की वजह से जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच टी20 विश्व कप मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हो गया और जिम्बाब्वे सुपर 8 का टिकट पाने वाली 7वीं टीम बन गई। इसका मतलब यह भी है कि ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड दोनों के लिए यह सफर खत्म हो गया है। जिम्बाब्वे ग्रुप बी से आगे बढ़ने वाली दूसरी टीम बन गई, जिसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया अब अगले स्टेज की दौड़ से बाहर हो गया है। मंगलवार को आयरलैंड के साथ पॉइंट्स बांटने के बाद, ज़िम्बाब्वे के तीन मैचों में पांच पॉइंट्स हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ दो पॉइंट्स हैं और अगर वे शुक्रवार को ओमान के खिलाफ आखिरी ग्रुप गेम जीत भी जाते हैं, तो भी वे सिकंदर रजा की टीम की बराबरी नहीं कर पाएंगे। यह पहली बार है जब ज़िम्बाब्वे सुपर आठ या टी 20 वर्ल्ड कप के दूसरे स्टेज में पहुंचा है। पूरे दिन बारिश का अनुमान था और दुख की बात है कि बारिश कम नहीं हुई और कोई खेल नहीं हो सका। तो, सुपर 8 ग्रुप जी1 का काम पूरा हो गया है। इसमें भारत, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज और ज़िम्बाब्वे हैं, ये सभी इंडिया में मैच खेल रहे हैं।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।

फाइनेंस सुविधा उपलब्ध

*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female

मैकेनिक Male

Experiance Minimum 1 Years

( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# जहां धर्म हैं, वहीं विजय है : स्वामी सत्यश्रेय वात्सल्य

## दुगड्डा में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में दुगड्डा नगर पालिका परिषद कार्यालय प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का आरंभ वात्सल्य आश्रम के निदेशक स्वामी सत्यश्रेय वात्सल्य व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जहां धर्म है, वहीं विजय है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म और अपनी रक्षा के लिए समाज को सशक्त होना होगा। उन्होंने माताओं-बहनों और युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज समय की मांग है कि हर बालिका झांसी की रानी बने और हर बालक राम और कृष्ण के आदर्शों को जीवन में उतारे। प्रांत संपर्क प्रमुख हरिद्वार डॉ. अनिल वर्मा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज को दिशा देने के लिए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, आत्मनिर्भरता व नागरिक कर्तव्य आदि सूत्रों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत त्रिवेदी, यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट और कोटद्वार नगर निगम महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने भी हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए संघ द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा महाभारत पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई। वहीं, क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने सेना की पारंपरिक वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया, जो अनुशासन और देशभक्ति का अनूठा संगम रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संघ से जुड़े लोग शामिल रहे।



दुगड्डा में सोमवार को आयोजित हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

# इग्नू में प्रवेश व पुनः पंजीकरण की तिथि बढ़ी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इग्नू में नए सत्र के लिए प्रवेश एवं पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि को 28 फरवरी 2026 तक विस्तारित कर दिया गया है। इग्नू अध्ययन केंद्र कोटद्वार के समन्वयक प्रोफेसरआर.एस. चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय के आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जा रही है। मौके पर उन्होंने प्रवेश लेने और पुनः पंजीकरण के पात्र अभ्यर्थियों से समय रहते प्रवेश अथवा पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने और प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों से इग्नू द्वारा संचालित विभिन्न कोर्सों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# पूर्व सैनिकों ने मनाया 'कोर ऑफ सिग्नल' का स्थापना दिवस

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ कई प्रतियोगिताएं आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोर ऑफ सिग्नल के सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों की ओर से कोर का 116वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। देवीरोड स्थित एक होटल में आयोजित स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि विंग कमांडर बीपीएस रावत और कर्नल बीएस गुसाईं ने किया। समिति के अध्यक्ष सेनि. लेफ्टिनेंट कर्नल बीबी ध्यानी ने कोर ऑफ सिग्नल के शौर्य और पराक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात पुरूषों के लिए आयोजित सुई-धागा दौड़ में आरएस रावत, एसएस बिष्ट, रघुबीर बिष्ट, नींबू चम्मच दौड़ में सुषमा बिष्ट, दमयंती देवी, मालती भंडारी ने क्रमशः- प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर रेस में सुनीता कुकशाल, सुषमा बिष्ट, बीना गौड़ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

इस मौके पर ऋतु धवन सिंह, मनमोहन काला, हरीश कुकशाल, सुनील रावत, महानंद ध्यानी, गोपाल दत्त जखमोला, सतीश ध्यानी, भरत सिंह नेगी, सीपी डोबरियाल, रघुवीर सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह रावत, देवेंद्र सिंह रावत, एएस भंडारी, विक्रम सिंह रावत, अनुसूया प्रसाद सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े चोरी करने वाला शातिर चोर जेवरात सहित गिरफ्तार

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** बीती 7 फरवरी को सिंचाई विभाग कॉलोनी निवासी चौहान ने पुलिस को तहरीर दी थी कि 6 फरवरी को सुबह करीब 11 बजे किसी अज्ञात चोर ने उनके घर की अलमारी से सोने और चांदी के जेवरात साफ कर दिए हैं। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक गंगनहर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। पुलिस टीम सर्विलांस की मदद से आखिरकार पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल रही। अन्ततः एक सूचना पर पुलिस टीम ने अभियुक्त शुभम निवासी मिलाप नगर को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी किए गए जेवरात बरामद कर लिए गए हैं।

# अर्बन को-आपरेटिव बैंक देहरादून में आरबीआई को मिला बड़ा घपला

## बैंक के खाताधारकों के 124 करोड़ रुपये फंसे

**देहरादून ( चिंगारी )।** स्थानीय अर्बन को-आपरेटिव बैंक में बड़ा घपला सामने आया है, जिसको देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक पर छह महीने का प्रतिबंध लगाया है। साथ ही खातेधारकों के रकम निकालने पर भी रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध कर्ज बांटने में किये गये घोटालों के कारण लगाया गया। बताया गया कि कर्ज बांटने में किये गये घोटालों से बैंक घाटे में जाता रहा, लेकिन प्रबंधन बैंक में फायदा दिखाता रहा। इस प्रतिबंध के कारण बैंक में लगभग नौ हजार खाताधारकों के 124 करोड़ रुपये भी फंस गये हैं। रिजर्व बैंक ने भले ही बैंक पर अब प्रतिबंध लगाया हो, लेकिन गड़बड़ी की शुरुआत वर्ष 2013-14 में ही हो गई थी। उस समय प्रबंधन ने अपने चहेते व्यक्तियों को मशीनरी की खरीद और अन्य नाम पर ऋण की बंदरबांट की थी। जिससे ऋण फंसते गये लेकिन बैंक ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। यहां तक कि घाटे में आने की स्थिति पर भी फायदा दिखाया जाता रहा। इस स्थिति को देखते हुए खाताधारकों ने बैंक प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। बैंक में 4 करोड़ की जमा राशि वाले खाताधारक अचिन गुप्ता ने कहा कि आरबीआई ने प्रत्येक वर्ष बैंक का आडिट किया लेकिन फिर भी इस गड़बड़ी की तरफ ध्यान नहीं दिया। यदि पहले ही गड़बड़ी पकड़ी जाती, तो अब 9 हजार खाताधारकों को परेशानी न उठानी पड़ती।

# धूमधाम से मनाया जायेगा गुरमत संगीत बाल विद्यालय का स्वर्णजयंती समारोह

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित गुरमत संगीत बाल विद्यालय,अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर 21-22 फरवरी को भव्य स्वर्ण जयंती समारोह (गोल्डन जुबली) का आयोजन करने जा रहा है। जो सन् 1976 में स्थापित जिसमें निःशुल्क आवासीय विद्यालय ने वंचित एवं गरीब परिवारों के बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा, गुरमत संगीत का गहन प्रशिक्षण तथा समग्र व्यक्तित्व विकास प्रदान करके सिख मूल्यों, सेवा, समानता और सशक्तिकरण, का जीवंत प्रतीक बनाया है। स्वर्ण जयंती समारोह में पूर्व छात्र एल्युमनी, वर्तमान छात्र, शिक्षक, स्टाफ, अभिभावक, संत-महात्मा, संगत बड़ी संख्या में भाग लेंगे। समारोह में गुरु साहिब की बानी, शबद कीर्तन, गुरमत संगीत प्रस्तुतियां, स्मृति सभा कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

गुरुद्वारा श्री हेमकुंड मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि यह विद्यालय सिख विरासत का एक अनमोल प्रकाश स्तंभ है, जिसने विश्वस्तरीय कीर्तनिए, रागी, संगीतकार एवं सफल व्यक्तित्व तैयार किये हैं। पूर्व छात्र आज गुरु साहिब की अमर बानी को विश्वभर में फैला रहे हैं तथा समाज की सेवा कर रहे हैं। हम सभी पूर्व छात्रों से आशा करते हैं कि वे इस मिशन को आगे बढ़ायें।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# मेहनती विद्यार्थियों को ही मिलती है सफलता : महापौर

## नारायण पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत शिवपुर स्थित नारायण पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को ही सफलता प्राप्त होती है। बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें पूरी लगन और परिश्रम के साथ जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊनी, पंजाबी और राजस्थानी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं विद्यालय के छात्र दिव्यांश पाल की शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति को खूब सराहा गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक उषा रावत तथा प्रधानाचार्य दीपिका नेगी की ओर से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, साथ ही शिक्षा के साथ खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजय पाल सिंह रावत, कांति नेगी, स्थानीय पार्षद ज्योति सिंह और मानपुर पार्षद किरण देवी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



महापौर शैलेंद्र सिंह रावत

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**


आदरणीय
श्री प्रदीप अग्रवाल जी
को जन्मदिवस
की

हार्दिक
बधाई
एवं
शुभकामनाएं

वरूण अग्रवाल भोलू
एडवोकेट


# राज्य सभा की 37 सीटों के चुनाव 16 मार्च को

नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। राज्य सभा की रिक्त हो रहीं 37 सीटों के लिए चुनाव 16 मार्च को कराये जायेंगे। चुनाव आयोग की ओर से आज जारी चुनाव कार्यक्रमों के अनुसार 10 राज्यों से चुने गये राज्य सभा के 37 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो जायेगा। इन 37 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव कराये जायेंगे। इन चुनावों के लिए 26 फरवरी को अधिसूचना जारी की जायेगी। पांच मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। इनकी जांच छह मार्च को होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि नौ मार्च निर्धारित की गयी है। इन सीटों के लिए मतदान 16 मार्च को कराये जायेंगे और उसी दिन मतों की गिनती होगी। चुनाव प्रक्रिया 20 मार्च तक पूरी हो जायेगी।


किराये हेतु
आवास विकास कॉलोनी बिजनौर में 40 फुटा मेन रोड पर एक हॉल भूतल पर 800 वर्ग फुट बैंक/ऑफिस किराये हेतु उपलब्ध है।
गणेश सिंह
8864941433


## यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू, छात्राओं का टीका-चंदन कर माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने दिया आशीर्वाद

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। एशिया के सबसे बड़े शिक्षा बोर्ड के रूप में शामिल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं। परीक्षा के पहले दिन प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने लखनऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विक्रमादित्य मार्ग (जियामऊ) परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, निगरानी एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री गुलाब देवी ने छात्राओं को टीका-चंदन कर पेड़ा खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और उन्हें शांत मन, आत्मविश्वास और पूरी ऊर्जा के साथ परीक्षा देने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने परीक्षार्थियों से कहा कि वे अपनी मेहनत से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और प्रदेश का गौरव बढ़ाएं। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जियामऊ (सेंटर कोड–341874) में प्रथम पाली में हाईस्कूल हिन्दी विषय के 304 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट हिन्दी विषय के 352 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।


Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स

Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928





Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144 Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com



Hero
आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679